

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल




ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 188 | ग्वालियर रविवार, 30 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## धरने पर बैठे खिलाड़ियों से मिलने पंहुचे अरविंद केजरीवाल, रेसलर्स और फेडरेशन चीफ के बीच छिड़ी जंग

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दिल्ली में जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार (29 अप्रैल) को मुलाकात की है. इससे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इन पहलवानों से मुलाकात की थी. इन सभी चीजों के अलावा रेसलर्स ने पुलिस की जांच पर भी सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि एक कम उम्र के आरोपी का नाम और जांच का विवरण लीक हो गया है.1- पहलवानों से मुलाकात के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिसने भी हमारी बहनों के साथ दुर्व्यवहार किया है उसको तुरंत सजा देकर फांसी पर लटका देना चाहिए. उन्होंने कहा, ÷दुख की बात है कि जिन लड़कियों ने भारत का नाम रोशन किया उनके साथ किसी आदमी ने गलत काम किया उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए जंतर-मंतर पर क्यों बैठना पड़ रहा है.÷ इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इसी जंतर-मंतर से साल 2011 में सरकार बदल गई थी. वहीं,




इससे पहले पहलवानों ने कहा कि जांच का विवरण कौन लीक कर रहा है? इसके अलावा पहलवानों ने पुलिस पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया है. अगर बृजभूषण शरण सिंह की बात करें तो उन्होंने कहा है कि वो पूरी तरह से निर्दोष हैं. किसी भी जांच में सहयोग करूंगा. उनकी मांगे लगातार बदल रही हैं. इस्तीफा देने का मतलब आरोपों को मान लेना होगा. इस्तीफा कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन एक अपराधी के रूप में इसे स्वीकार नहीं करूंगा. पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के दो मामले दर्ज किए हैं. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी जंतर-मंतर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने पहलवानों का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि सरकार एक माफिया और बाहुबली के खिलाफ नतमस्तक हो गई है और उसे बचा रही है. सबसे पहले तो उन्हें अपने पद से हटाया जाना चाहिए.5- दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख के खिलाफ शुक्रवार को महिला पहलवानों के लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दो एफआईआर दर्ज की हैं. एक नाबालिग के लगाए गए आरोपों से जुड़ी पहली एफआईआर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज की गई है. इसका मतलब ये है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो उन्हें जमानत नहीं मिल सकती.- मामले को लेकर दिल्ली पुलिस की तरफ से सॉलिसिटर तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे. उन्होंने कोर्ट को बताया था कि शुक्रवार को मामला दर्ज किया जाएगा. इसके कुछ घंटों बाद बृजभूषण सिंह के खिलाफ मामला दर्ज हो गया.वहीं, पहलवानों की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया. इसमें उन्होंने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकार नाबालिग लड़की की सुरक्षा की मांग की थी. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, ÷रिकॉर्ड पर रखे गए मामले को ध्यान में रखते हुए, हम दिल्ली पुलिस आयुक्त को खतरे की धारणा का आकलन करने और इसमें शामिल नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा दिए जाने का निर्देश देते हैं

## बाहुबली आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ जी. कृष्णैया की पत्नी सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं, बिहार सरकार के आदेश को चुनौती

बिहार के बाहुबली नेता आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दिवंगत आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं. उन्होंने याचिका दाखिल कर बिहार सरकार का आदेश रद्द करने की मांग की है. याचिका में कहा गया है कि मौत की स?ा को जब उम्र कैद में बदला जाता है, तब दोषी को आजीवन जेल में रखा जाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट भी ऐसे फैसला दे चुका है. लेकिन इस मामले में दोषी को रिहा कर दिया गया.गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया की 1994 में मुजफ्फरपुर के खोबरा में हत्या हो गई थी. 2007 में निचली कोर्ट ने इस मामले में आनंद मोहन को फांसी की सजा सुनाई थी. बाद में पटना हाई कोर्ट ने इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था. बिहार की जेल नियमावली में राज्य सरकार की तरफ से हाल ही में किए गए बदलाव के चलते अब आनंद मोहन रिहा हो चुके हैं.साल 2012 में बिहार सरकार की तरफ से बनाई गई जेल नियमावली में 5 तरह के अपराध को जघन्य माना गया था. इसमें आतंकवाद, डकैती के साथ हत्या, रेप के साथ हत्या, एक से अधिक हत्या और सरकारी कर्मचारी की हत्या शामिल था. इन 5 तरह के अपराध में उम्र कैद पाने वालों को 20 साल से पहले किसी तरह की छूट न देने का प्रावधान था. हाल में बिहार सरकार ने जेल नियमावली में बदलाव कर सरकारी कर्मचारी की हत्या को सामान्य हत्या की श्रेणी में रख दिया गया. इससे आनंद मोहन के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया.बता दें कि बिहार में इन दिनों आनंद मोहन की खूब चर्चा हो रही है



## कर्नाटक में लोग पीएम नरेंद्र मोदी का कामकाज कैसा मानते हैं?



कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से सत्ता में आने का प्रयास कर रहे हैं. राज्य में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच माना जा रहा है, लेकिन जेडीएस भी कर्नाटक में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रही है. इस बीच एबीपी न्यूज़ ने सी वोटर के साथ मिलकर मेगा ओपिनियन पोल किया है, जिसमें कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. मेगा ओपिनियन पोल में कर्नाटक के लोगों से सवाल किया गया कि पीएम नरेंद्र मोदी का कामकाज कैसा है? इस सवाल के जवाब में लोगों ने मिले जुले जवाब दिए. 49 फीसदी लोगों का मानना है कि पीएम मोदी का कामकाज अच्छा है, 18 फीसदी लोग पीएम मोदी के कामकाज को औसत मानते हैं, वहीं 33 फीसदी लोग प्रधानमंत्री मोदी का कामकाज खराब मानते हैं.

## सीएम अरविंद केजरीवाल बोले- बहनों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को हो फांसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे पहलवानों से मिले. इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि बहनों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए है. सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतप पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मुलाकात के दौरान कहा, हमारी बहनों के साथ दुर्व्यवहार किया. ऐसे व्यक्ति को तुरंत सजा देकर फांसी पर लटका देना चाहिए. जो भी भारत देश से प्यार करता है, वो पहलवानों के साथ खड़ा है. पूरा देश पहलवानों के साथ है. दरअसल कई दिनों से बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित कई पहलवान जंतर मंतर पर बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न और धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार (28 अप्रैल) को पहलवानों की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा कि वो डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर करने को तैयार है.



इसके बाद शुक्रवार की रात को पुलिस ने सिंह के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थी. इसमें एक प्राथमिकी यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम जबकि दूसरी एफआईआर भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज की गई है. बृजभूषण ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने के बाद कहा था, मैं न्यायपालिका के निर्णय से खुश हूं. दिल्ली पुलिस की जांच में सहयोग करूंगा. इस देश में न्यायपालिका से बड़ा एफआईआर लिखने का आदेश हुआ है. सरकार की तरफ से कहा गया था कि एफआईआर लिखने में कोई दिक्कत नहीं है. मैं फैसले का स्वागत करता हूं. जब कमेटी बनी थी तब भी मैंने कोई सवाल खड़ा नहीं किया था. इन लोगों को इंतजार करना चाहिए था. यह लोग सुप्रीम कोर्ट गए और वहां से एक फैसला आया. मुझे अपने कर्म पर भरोसा है. प्रदर्शन कर रहे बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने बृजभूषण को जेल में डालने की मांग करते हुए कहा था कि उन्हें सब पदों से हटा देना चाहिए क्योंकि वो जांच प्रभावित कर सकते हैं. ऐसे में हमारा प्रदर्शन अभी जारी रहेगा.

## कौन है सीएम पद की पहली पसंद



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 10 मई को चुनाव है, लेकिन कांग्रेस की तरफ से साफ नहीं किया गया कि सीएम चेहरा कौन होगा। कांग्रेस की ओर से डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया मुख्यमंत्री पद के प्रमुख चेहरे हैं. वहीं बसवराज बोम्मई को सत्ता में बने रहना है. जेडीएस की ओर से कुमारस्वामी भी दावा ठोंक रहे हैं. इसी बीच एबीपी न्यूज के लिए सी वोटर ने मेगा ओपिनियन पोल किया कि लोग सीएम की पहली पसंद किसे मानते हैं। लोगों से सवाल किया गया कि सीएम की पहली पसंद कौन हैं। इसके जवाब में 31 फीसदी ने बसवराज बोम्मई को सीएम चेहरा बताया. पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया को 41 प्रतिशत लोगों, जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी को 22 फीसदी ने अपनी पहली पसंद बताया. वहीं डीके शिवकुमार को 3 और अन्य को 3 फीसदी लोगों ने अपनी पसंद कहा. कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई नेता राज्य का दौरा कर रहे हैं. इसके अलावा मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और कांग्रेस की ओर से डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने प्रचार की कमान संभाली हुई है, लेकिन इसी बीच मेगा ओपिनियन पोल से बोम्मई की चिंता जरूर बढ़ सकती है क्योंकि 41 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर पहली पसंद पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बताया है. यह तो 13 मई को रिजल्ट के दौरान ही पती चलेगा कि लोग बीजेपी को फिर से मौका देते हैं या फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी.

## बमबाज गुड्डू मुस्लिम के बड़े राजनीतिक दल से हैं रिश्ते

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में उमेश पाल हत्या का आरोपी और माफिया अतीक अहमद के गैंग का खतरनाक शूटर बमबाज गुड्डू मुस्लिम को लेकर पुलिस जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ है. सूत्रों के हवाले से जांच में पता चला है कि गुड्डू मुस्लिम एक बड़े राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ है. पुलिस जांच कर रही है कि क्या गुड्डू मुस्लिम की फरारी में कोई राजनीतिक शख्स भी गुड्डू मुस्लिम की मदद कर रहा है। पुलिस को ये भी पता चला है कि गुड्डू मुस्लिम के 3 खास रिश्तेदार सऊदी अरब में भी रहते हैं. इनमें गुड्डू का भाई मोहम्मद असलम, भांजी साहिबा और भांजा ताबिश शामिल है. फरारी के दौरान जब गुड्डू की लोकेशन ओडिशा की थी जब पुलिस को पता चला था कि गुड्डू के पैसे खत्म हो चुके और वो पैसों के जुगाड़ में लगा है. तो क्या सऊदी अरब के रिश्तेदार अपने लिंक के जरिए गुड्डू मुस्लिम के लिए पैसों का जुगा? कर रहे हैं। पुलिस की 5 टीमें गुड्डू मुस्लिम की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है. लेकिन गुड्डू पुलिस के हाथ नहीं आ रहा है. दरअसल वो अपना लगातार रूप बदल रहा है और अलग-अलग जगहों पर रहने के लिए नकली पहचान का इस्तेमाल कर रहा है. इससे पहले पुलिस को पता चला था कि गुड्डू की आखिरी लोकेशन ओडिशा के बरगढ़ में थी. वह 2 से 13 अप्रैल तक ओडिशा में मौजूद था और करीब 12 दिन से राज्य में छिपा हुआ था. वह यहां कपड़े से भरा बैग छोड़कर फरार हो गया. यहां से पुलिस ने गुड्डू मुस्लिम के सहयोगी राजा खान को भी हिरासत में लिया. जिसने खुलासा किया कि वह पुलिस की पकड़ में न आए इसलिए उसने दाढ़ी बढ़ा ली थी. इन 62 दिनों में उसने बबलू, सुरेंद्र कुमार और संदीप कुमार जैसे नामों का इस्तेमाल किया.

## गैंगस्टर एक्ट में सजा पाने वाले मुख्तार अंसारी ने कभी कराया था योगी के काफिले पर हमला

मुख्तार अंसारी को शनिवार (29 अप्रैल) को गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में दस साल कारावास की सजा सुनाई. इसी के साथ उसके भाई और बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी को भी गैगस्टर एक्ट में चार साल जेल की सजा सुनाई गई है. मुख्तार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. मुख्तार अंसारी के खिलाफ बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय और नंदकिशोर गुप्ता रुंगटा की हत्या के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया जबकि अफजाल अंसारी पर कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में दर्ज केस के आधार पर गैंगस्टर एक्ट लगा था. दोनों भाइयों के खिलाफ मुहम्मदाबाद थाने में 2007 में मामला दर्ज हुआ था. 2005 में मऊ में हुए दंगे के पीछे मुख्तार अंसारी का हाथ माना जाता है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस दौरान गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के तौर पर मुख्तार अंसारी के खिलाफ आवाज उठाई थी. मऊ में दंगे के बाद इलाके के दौरे पर उनके काफिले पर हमला किया गया था. पूर्व आईपीएस अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने एक समाचार चैनल से बातचीत के दौरान वह पूरा वाकया बताया. मुख्तार के खिलाफ कभी कार्रवाई करने वाले पूर्व पुलिस अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया, जब मऊ का दंगा हुआ था तब (मुख्तार अंसारी) खुली जीप में घूमता था.

## महबूबा मुफ्ती का केंद्र पर निशाना, कहा- इतने सुरक्षित इलाके में पुंछ आतंकी हमला कैसे हो गया

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार (29 अप्रैल) को केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पुंछ में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी जिसमें हमारे 5 जवान शहीद हो गए थे. पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के हालिया इंटरव्यू का हवाला देते हुए पुलवामा हमले पर केंद्र को घेरा. उन्होंने कहा कि सत्यपाल मलिक ने कहा था कि सरकार ने पुलवामा हमले को छिपाने की कोशिश की. सवाल पूछा जाना चाहिए कि इतने सुरक्षित इलाके में पुंछ आतंकी हमला कैसे हो गया. जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर सवालिया निशान उठाते हुए मुफ्ती ने कहा, ÷पुंछ आतंकी हमले को लेकर यहां लोगों को पकड़ा जा रहा



है, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है और पूछताछ की जा रही है. मुख्तार शाह नाम के शख्स को पहले गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में कहा गया कि उसने पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली. हिरासत में कोई कैसे आत्महत्या कर सकता है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मुख्तार शाह के परिवार का कहना है कि उन्हें घर से उठाया गया था. एनआईए और दूसरी एजेंसियों ने भी उनके घर पर छापा मारा था, घर में तोड़फोड़ की गई थी. इसके बाद एक वीडियो सामने आया जिसमें वह कहते हैं कि उनके परिवार और अन्य लोगों को परेशान किया जा रहा है. शाह ने खुद कैसे वीडियो रिकॉर्ड किया। यह किसी और ने स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड किया था.

पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस समय कई अन्य घायल हैं जो अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें पूछताछ के लिए उठाया गया है. दर्जनों सेना, पुलिस और एनआईए की हिरासत में हैं. पुंछ के लोग मिलनसार हैं और हमेशा सही चीजों के लिए खड़े रहते हैं. बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 20 अप्रैल को सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर आतंकियों ने हमला कर दिया था. इस हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे. अब आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सुरक्षाबलों ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया हुआ है. इस मामले में अब तक करीब दर्जनों लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है.

शिवपुरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

# पुलिस थाना करैरा द्वारा 850000 रु. की स्मैक व 315 बोर के कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब, अवैध हथियार रखने बालों एवं माफियांओं के खिलाफ शक्ति से कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं, एवं अवैध मादक पदार्थों की विक्री पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही के आदेश दिये हैं । जिसके तहत अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं स्ष्ठह्रक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना करैरा द्वारा एक आरोपी को स्मैक एवं अबैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है । थाना प्रभारी करैरा निरी0 सतीश चौहान द्वारा थाना क्षेत्र मे अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु एक पुलिस टीम बनाई गई जिसमें सउनि जयनारायन आर 696 सोनू पांडेय, आर 724 दीपेन्द्र गुर्जर, आर 670 देवेश तोमर, आर 121 नीरज कुमार द्वारा दिनांक 28.04.23 को मुखविर की सूचना पर से ग्राम करही बस स्टैन्ड पर से आरोपी राघवेन्द्र पुत्र सरमन रावत उम्र 25 साल नि0 स्याऊ थाना करहिया जिला ग्वालियर के कब्जे से 85 ग्राम स्मेक कीमती 8,50,000 रूपये व 315 बोर का एक देशी कट्टा व एक 315 बोर का जिन्दा कारतूस कीमती 2,000 रूपये एवं एक अपाचे मोटर साईकिल क्रमांक स्ब्क्क 07 स्ब्-8749 कीमती 1,00,000 रूपये कुल मशरूका कीमती 9,52,000 रूपये को विधिवत जप्त कर अपराध क्रमांक 248/23 धारा 8/21 ह्रष्ठक्क्स्, ष्टत्र. 25/27 ्रस्र् ष्टत्र पंजीबद्ध किया गया है।उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी करैरा निरी. सतीश सिंह चौहान सउनि जयनारायन आर 696 सोनू पांडेय, आर 724 दीपेन्द्र गुर्जर, आर 670 देवेश तोमर, आर 555 हिम्मत सिह,आर 121 नीरज कुमार, प्रधान आरक्षक 499 देवेन्द्र सेन (साईवर सैल शिवपुरी) सैनिक 281 देव सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




# शिवपुरी पुलिस की नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही जारी, पुलिस थाना सुरवाया द्वारा गुम हुई एक बालिका को किया दस्तयाव ।

**जगदीश पाल रिपोर्टर**
**खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी, एसडीओपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना सुरवाया एवं पुलिस थाना बदरवास द्वारा गुम हुई दो नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाव किया गया है। दिनांक 08/04/2023 को फरियादिया निवासी नयागांव थाना सुरवाया द्वारा थाना आकर रिपोर्ट कराई कि फरियादिया की नाबालिक लड़की बिना बताये कहीं चली गई है रिपोर्ट पर से थाना सुरवाया पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान अपृहता की तलाश पुलिस टीम बनाकर ग्वालियर, श्योपुर, राजस्थान आदि जगहों पर की गई परंतु पुलिस को सफलता नहीं मिली पुलिस द्वारा सायबर सेल की मदद लेकर शिवपुरी पुराना बस स्टेण्ड से दस्तयाब किया गया एवं माता - पिता को सुपुर्द किया गया ।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सुरवाया उनि. रामेन्द्र सिंह चौहान, सउनि. श्रीकांत शर्मा, प्रआर रामकुमार तोमर, प्रआर. रविन्द्र बुंदेला, प्रआर. हर्ष झां, आर. सकील, मनोज, दर्शन, एवं आर. जलज की सराहनीय भूमिका रही ।

शिवपुरी पुलिस की सटोरियों पर कार्यवाही

# पुलिस थाना बदरवास द्वारा दबिस देकर तीन सटोरियों को किया गिरफ्तार नगदी एवं सट्टा सामाग्री की जप्त

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, आईपीएल सट्टा, शराब माफिया, भूमाफिया के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देशों के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया तथा एसडीओपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में दिनांक 28.04.23 की शाम थाना बदरवास पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी गण लोगो को 1 रुपये के बदले 80 रुपये का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहै है है सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम ब्रह्मथाना पहुंचकर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी को आरोपी रामवरण पुत्र श्रीलाल दंगी उम्र 35 साल निवासी ग्राम ब्रह्मथाना एंव अरविन्द पुत्र बादलसिंह दांगी उम्र 32 साल निवासी ग्राम ब्रह्मथाना लोगो को 01 रुपये के बदले 80 रुपये का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहै थै आरोपी रामवरण पुत्र श्रीलाल दांगी उम्र 35 साल निवासी ग्राम ब्रह्मथाना से सट्टा के उपकरण एंव नगदी 600 रुपये जप्त कर अपराध क्र. 142/23 धारा 4 क सट्टा एक्ट एंव अरविन्द पुत्र बादलसिंह दांगी उम्र 32 साल निवासी ग्राम ब्रह्मथाना से सट्टा उपकरण एंव 500 रुपये जप्त कर अपराध क्र. 143/23 धारा 4 क सट्टा एक्ट एंव आरोपी रामू रजक पुत्र मोहन रजक उम्र 35 साल निवासी सिंधिया कालोनी बदरवास से सट्टा उपकरण एंव 400 रुपये नगदी जप्त कर अपराध क्र. 144/23 धारा 4 क सट्टा एक्ट के प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया **इनकी रही भूमिका-** निरीक्षक सुरेश शर्मा सउनि राकेश शिवहे ,प्रआर. 270 रघुवीसिंह , प्रआर. 532 सुरेन्द्र राय प्रआर 310 कदम, प्रआर. 427 विकमसिंह ,आर0 1023 अनुप शर्मा आर 810 निर्मल आर 940 दीनू रघुवंशी आर 877 दीपक शर्मा आर 779 नेपालसिह आर 999 राजू पटेलिया सैनिक 21 बैदप्रकाश सैनिक मनीष

शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियार रखने बालों पर कार्यवाह

# पुलिस थाना बैराड द्वारा आरोपी को अवैध 315 बोर के देशी कट्टे व दो जिंदा राउण्ड के साथ साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह के नेतृत्व में जिले में शिवपुरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब, अवैध हथियार रखने बालों एवं माफियाओं के खिलाफ तावड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. पोहरी श्री मनीष यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैराड निरी नवीन यादव एव उनकी टीम नें एक आरोपी से एक । दिनांक 28.04.2023 को थाना प्रभारी बैराड़ को जरिये मुखविर सूचना मिली कि ग्राम खरई जालिम मे एक व्यक्ति कोई बरादात करनें की नियत सें बैठा हुआ है, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी बैराड़ द्वारा बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त कर पुलिस टीम के साथ रवाना होकर ग्राम खरई जालिम पहुचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेर कर पकडा नाम पता पूछा बाद उक्त व्यक्ति की तलाश ली गयी तो पेन्ट में 315 बोर का कट्टा एव 315 बोर के 2 जिन्दा राउण्ड मिले जिन्हें विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी नवीन यादव , उपनिरी अरविन्द सिह चौहान प्र.आर.934 जगेश सिकरवार आर.236 संगम उपाध्याय आर.966 अवधेश शर्मा ,आर.1144 राजेन्द्र खरे की सराहनीय भूमिका रही ।



315 बोर का देशी कट्टा एवं 2 जिन्दा राउण्ड जप्त किये गये हैं

# नगर परिषद रन्नौद में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता तविश काजी की सक्रियता दीवालों पर नजर आई






**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**

कोलारस विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कार्यकर्ता हुए सक्रिय देखा जा रहा है जैसे ही मध्यप्रदेश विधान सभा चुनाव करीब आए जो अक्टूबर नवंबर मे जो विधनसभा चुनाव होने है उसमें विधनसभा कोलारस नगर परिषद रन्नौद के युवा कांग्रेस चेहरा इंजी. ताबिश काजी ने कमलनाथ की सारी चुनावी वादों को पूरे नगर परिषद और समूचे विधनसभा कोलारास मे प्रचार प्रसार स्टार्ट कर दिया है इंजी ताबिश काजी युवा चेहरा नगर परिषद रन्नौद से पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह जी के खास करीबी माने जाते है उनसे जब हमने बात की तो उनका कहना था इस बार पार्टी जिसको भी टिकिट दे हम कांग्रेस पार्टी और संगठन के साथ है और मध्यप्रदेश में इस बार फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है पार्टी का बूथ से बूथ और डोर से डोर केम्पियन पार्टी पूरे प्रदेश और देश में चला रही है मिशन 2023 -2024

# नवनियुक्त अध्यक्ष मुरारीलाल पूजा के द्वारा मैथिली ब्राह्मण समाज मुरार की संस्था की नवीन कार्यकारिणी का किया गठन

**ग्वालियर** -- मैथिली ब्राह्मण समाज मुरार संस्था के नवनियुक्त अध्यक्ष मुरारीलाल ओझा के द्वारा समाज के विकास को लेकर चर्चा कर अपनी नवीन कार्यकारिणी का गठन किया एवं उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि मेरे द्वारा किए गए कार्य से समाज एकजुट होकर विकास के पथ पर अग्रसर होगा एवं आप सभी के मार्गदर्शन से समाज को नई ऊर्जा नए आयाम एवं विकास की आधुनिक दिशा एवं शक्ति प्रदान करेंगे दूरभाष पर चर्चा के दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष मुरारीलाल ओझा के द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा मैथिली ब्राह्मण समाज संस्था मुरार की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है जो इस प्रकार हैं

कार्यकारी अध्यक्ष रामजीलाल झा,
उपाध्यक्ष
अनिल झा मनोज ओझा राजू झा रविन्द्र शर्मा
गुरूचरण झा विनोद ओझा मनोज झा राधेश्याम झा
नरेश ओझा श्रीमती विजयलक्ष्मी ओझा मुन्नालाल ओझा गौरी शंकर झा,
महामंत्री
श्रीमती कीर्ति झा,
कोषाध्यक्ष
ज्ञानचंद झा,
सहकोषाध्यक्ष
जानकी प्रसाद झा,
प्रवक्ता
अजय झा,
संगठन मंत्री
राधेश्याम झा सुरेश कुमार झा रामदास झा
रामबिहारी ओझा
मोहन झा ऋषि झा राधाकृष्ण ओझा रामसेवक झा
तरूण शर्मा दीपक झा ,
प्रचार मंत्री
अरविंद ओझा बंटी झा महेश शर्मा विजय झा
रमेश झा संतोष ओझा रामनरेश ओझा राम झा
श्रीमती अंजू झा हरी सिंह ओझा संतोष ओझा,
मीडिया प्रभारी
गिर्राज ओझा,
सह मीडिया प्रभारी
उदय प्रकाश झा , सोनू झा ,
कार्यालय मंत्री
महेश ओझा,
धरमशाला प्रभारी
गेंदालाल झा ,
धर्मशाला सह प्रभारी



हरीश ओझा
व्यवस्थापक
गोपाल झा ,शालिग्राम झा
संरक्षक मंडल
भगवानदास झा बाबूराम झा रामदास झा आर0पी0 झा रमेशचन्द्र झा
सत्यप्रकाश झा भगवतीप्रसाद ओझा
ओमप्रकाश झा स्वतन्त्र कुमार झा बाबूलाल झा
राजू झा
महेश झा संरक्षक एवं विधि मंत्री अतिरिक्त प्रभार,
विशेष सलाहकार
नंदकिशोर झा
सुदामालाल ओझा, बी0डी0 शर्मा ,नरेन्द्र झा हीरो,
श्याम झा ,
लक्ष्मण प्रसाद झा ,
सलाहकार
शिवकुमार ओझा विष्णु सरवैया रमेशचन्द्र झा
राजेश झा नरेश झा
रूपनारायण झा ,
विशेष आमंत्रित सदस्य
राजेन्द्र झा सुरेश कुमार ओझा श्रीकृष्ण ओझा ,डा0 पुरूषोत्तम ओझा
घनश्याम झा ,सुरेश कुमार झा ,
सुरेश झा ,झम्मनलाल झा , बाँकेलाल शर्मा ,मदन झा ,महेश ओझा ,लालचन्द्र झा, सोवरन ओझा ,
उमेश शर्मा ,रिपुदमन ओझा ,संतोष ओझा
बृजकिशोर झा रामबाबू झा रामस्वरूप सा मुकुट बिहारी ओझा एवं 54 सम्मानीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं ।नवनियुक्त अध्यक्ष मुरारी लाल ओझा ने आशा व्यक्त की हैकि आप सभी सम्मानीय सदस्य एवं पदाधिकारियों के द्वारा पूर्णनिष्ठा एवं ईमानदारी से किए गए कार्यों से समाज को नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान होगी।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर द्वारा ग्वालियर पूर्व विधानसभा के शहीद भगत सिंह मंडल के वार्ड 26 एवं ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के स्वामी विवेकानंद मंडल के वार्ड 53 में युवा मोर्चा द्वारा नवमतदाता युवा चौपाल का आयोजन किया गया





जिसमें युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी द्वारा युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना और केंद्र व राज्य सरकारी की युवाओं के लिए लाभकारी नीतियों से अवगत कराया तिवारी ने कहा कि युवा जो संकल्प लेता है उसको पूरा करके ही चैन की सांस लेता है आज युवाओं के सपनो को साकार करने का काम भाजपा नीत सरकारों ने किया है बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने भी युवाओं को सम्बोधित किया गोयल ने कहा कि आम जनता के बीच भाजपा सरकार की नीतियों को ले जाकर लाभ दिलाने का काम नौजवान साथियों का है आज भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है गरीब ,मजदूर,किसान, नौजवान और बेटियों महिलाओं के लिए सरकार ने व्यापक योजनाएं बनाई है जिस कारण समाज में जीवन स्तर न केवल बेहतर हुआ है बल्कि लोगो को आगे बढ़ने का अवसर भी मिल रहा है लाड़ली बहना योजना महिलाओं का जीवन स्तर बदलने में मील का पत्थर साबित होगी कार्यक्रम में भाजपा के ज़िले के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राणा,मंडल के अध्यक्ष हरिओम झा,चेतन मंडलोई युवा मोर्चा के प्रदेश के सह सोशल मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलदीप यादव , लवी खंडेलवाल , बिक्कु राजावत , युवा मोर्चा के जिले के उपाध्यक्ष राजकुमार यादव , कपिल मुद्गल , ज़िले के मंत्री गौरव किशोर , विवेक पाल ,दीपक पाण्डेय,ज्योदित्य भदौरिया व नव मतदाता युवा साथी मौजूद रहे

## शैलेन्द्र सिंह मुरैना व मनीष खत्री होंगे भिण्ड एसपी



शैलेन्द्र सिंह चौहान



मनीष खत्री

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर सात आईपीएस अधिकारियों के तबादला किये गए है, जिसमें भिण्ड पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान को मुरैना पुलिस अधीक्षक की कमान सौंपी गई है।खरगोन जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को भिण्ड पुलिस अधीक्षक की कमान सौंपी गई है। भिण्ड जिले के नए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री होंगे।पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान भिण्ड में कप्तान के रूप में निरंतर कार्यवाहीयो को लेकर लगातार सुर्खियों में रहे हैं,श्री चौहान का जनता एवं पत्रकारों से अच्छा तालमेल रहा है।

## मा क पा का धरना आंदोलन नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर संपन्न किया गया

दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह

**मालनपुर।** नगर परिषद मालनपुर में 17 सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 24 अप्रैल से चल रहा धरना आंदोलन नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव के आश्वासन पर देर शाम 28 अप्रैल को संपन्न हो गया एडोरी नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव ने विस्तार से गंभीरता पूर्वक प्रत्येक मांगों पर विचार विमर्श करते हुए आश्वस्त दिया है कि के आपकी सारी मांगों का समाधान शीघ्र करा दिया जाएगा जो मेरे लेवल की हैं वह 1 हफ्ते के अंदर उन पर सभी पर कार्रवाई आपको दिखने लगेगी तथा 3-4 मांगे कलेक्टर लेवल की हैं उन पर तत्काल अनुमति लेकर के उन पर भी शीघ्र कार्रवाई शुरू की जाएगी इसी आश्वासन के साथ धरना प्रदर्शन की कार्रवाई समाप्त की गई इस मौके पर माकपा की क्षेत्रीय कमेटी सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाह सीटू जिला उपाध्यक्ष वेंद्र कुमार शर्मा मालनपुर ब्रांच सचिव श्री लाल माहौर, किसान नेता नारायण शर्मा, महिला समिति नेता अनीता गोस्वामी, राजेन्द्र सिंह कुशवाह, रामगोपाल बाल्मीक, लक्ष्मी, हीरा लाल, रनवीर, छोटे लाल,लायकराम, रघुवीर, गायत्री, गब्बर सिंह,राजकुमारी, सीमा तोमर, समीना खान, सुनील आदि मौजूद रहे





## डॉ. गोविंद सिंह पूर्ण स्वस्थ हैं,अफवाहों से सावधान रहे : खिजर कुरैशी

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी ने कहा कि प्रदेश में बीजेपी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी हैं,नेता प्रतिपक्ष डा. गोविन्द सिंह की सक्रियता से शिवराज सरकार की नींद उड़ी हुई हैं,श्री कुरैशी ने कहा कि अब योजना बद्ध तरीके से अफवाह फैलाई जा रही है,की मध्य प्रदेश सरकार में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह को पैरालिसिस अटैक पड़ा एक हाथ काम करना बंद हो गया है,अभी हाल ही में उनका एक दाड़ खराब होने की वजह से भिंड में डाक्टर जसवंत सिंह द्वारा दाड़ निकाली गई थी ,सूजन की वजह से 3 दिन ग्वालियर रेस्ट के दौरान मोबाइल बंद रखा गया,डॉ. गोविन्द सिंह पूर्ण स्वस्थ हैं, कांग्रेस पार्टी का मिशन भाजपा सरकार को मध्य प्रदेश से उखाड़ फेंकने में कामयाब होगा ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता खिजर कुरैशी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह की सक्रियता से घबराई बीजेपी सरकार ऊलजलूल अफवाहें फैलाकर भ्रम पैदा करती रहती है ,यह उसकी हताशा का प्रतीक है,नेता प्रतिपक्ष डा. गोविन्द सिंह का 29, 30,अप्रैल का लहार दौरा है ।

## एड. डॉ. नूपुर को नारायणी सम्मान से किया गया सम्मानित

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे



**इंदौर ।** विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया गया । लीगल एक्सपर्ट समाज सेविका एडवोकेट डॉ. नूपुर धमीजा को नारायणी सम्मान 2023 से मध्यप्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट,उद्योग नीति मंत्री राजवर्धन सिंह ,इंदौर सांसद शंकर लालवानी द्वारा सम्मानित किया

### चारूप ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री श्री बलवंत सिंह राजपूत के सत्कारः सम्मान और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया

## हरसिद्ध माताजी व सिकोतर माताजी के मंदिर चारूप ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री श्री बलवंत सिंह राजपूत की चांदी तोलवाई





**निल कुमार, पुष्पांजली टुडे**
**पाटन/गुजरात ।**

पाटन जिले के ग्राम चारूप में कैबिनेट मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत के सत्कार, सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोहमे श्री बलवंत सिंह राजपूत ने पहेले हरसिद्ध माताजी के मंदिर में दर्शन किए। कैबिनेट मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत के गांव वालों ने हरसिद्ध माता और सिकोतर माता के मंदिर में रजत तुला का आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री हरसिद्ध माताजी के मंदिर में रजत तुला कार्यक्रम के बाद स्वागत-अभिनंदन समारोह और स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें कैबिनेट मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत का चारूप गांव के नेताओं, बुजुर्गों व युवाओं ने शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो भेंट कर, पघडी पहनाकर तलवार भेंट कर व फुलहर पहनाकर भव्य स्वागत किया.इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत ने ग्राम प्रधानों, वृद्धजनों एवं युवकों द्वारा उनके प्रति दिये गये आदर, प्रेम एवं सत्कार को बड़े ही भावपूर्ण भाव से देखा और कहा कि मेरे मन में चारुप ग्राम आने की बड़ी इच्छा थी जो आज पूरी हुई और मैं जब मेरे गांव में मेरा स्वागत हुआ तो मुझे बहुत खुशी हुई। कैबिनेट मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत ने कहा कि अपनी मातृभूमि के लिए कुछ अच्छा करने की इच्छा स्वाभाविक है, इस बात को ध्यान में रखते हुए मैंने इस क्षेत्र को जीवंत बनाने और रोजगार पैदा करने के लिए बहुत ध्यान दिया है। इस देखभाल को अपने कर्तव्य के अंग के रूप में ध्यान में रखते हुए, मैंने विकासात्मक कार्य किए हैं और आगे भी करता रहूंगा। इस मौके पर चारूप गांव के नेता, बुजुर्ग व युवा व आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

## भव्य कलश यात्रा चल समारोह के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ गौरव शर्मा



**मुरैना/** जिले की धर्म नगरी कैलारस में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमे अंतरराष्टीय कथा बाचक पंडित डॉ श्याम सुंदर पाराशर दुबारा संगीतमय कथा सुनाई जाएगी जिसमें सर्वप्रथम पहले दिन थाना प्रांगण कैलारस से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें श्रद्धालु माता बहनें सर पर कलश रख चल समारोह मे शामिल हुई कलश यात्रा चल समारोह गाजे-बाजे के साथ शहर भर में निकाला गया उस दौरान श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे भगवत प्रेमी श्रद्धालुओं ने भगवान के जयघोष के साथ कलश यात्रा में भागीदारी की यहा बता दें कि भागवत कथा के परीक्षित बनवारी लाल शुक्ला पत्नी श्रीमती किशोरी शुक्ला के साथ सर पर भागवत ग्रंथ को धारण कर कलश यात्रा चल समारोह के आगे आगे चल रहे थे इस दौरान शहर भर के गणमान्य नागरिक और शुक्ला परिवार के सभी सदस्य एव सेकडो लोग कलश यात्रा में शामिल रहे तदोपरांत कलश यात्रा शुक्ला फार्म हाउस पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में परिवर्तित हो गई बही शहर में कलश यात्रा का कई जगह स्वागत किया गयाजिसमे पहले दिन श्रीमद्भागवत कथा महातम्य का व्याख्यान करते हुवे कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा से हमे आदर्श के साथ जीवन जीने के तरीके सिखाती है सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में मिलता है भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है।ये बाते व्यास श्री डॉज़्श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज ने कैलारस में भागवत कथा के दौरान कही

## धीनावास में वर्षगांठ की तैयारियो को लेकर प्रजापत समाज 14 खेड़ा की मीटिंग आयोजित

पुष्पाजंली टुडे

**पाली>** प्रजापति पाली समस्त प्रजापति कुम्हार समाज 14 खेड़ा चौताला की मीटिंग अध्यक्ष हेमाराम कुंडलवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मीटिंग में श्री श्रीयादे माता मंदिर धीनावास की वर्षगांठ कार्यक्रम 27 साल में पहली बार आयोजित करने का निर्णय लिया गया वर्षगांठ पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया मीटिंग में कार्यक्रम को लेकर कमेटियों का भी गठन किया गया कार्यकारिणी सदस्य अशोक राठोलिया मामावास ने बताया कि धीनावास स्थित श्रीयादे माता मंदिर परिसर में 2मई की शाम को 8.15 बजे से सुंदरकाण्ड पाठ,3 मई को प्रातः बजे से कलश शोभायात्रा और तीन दिवसीय हवन प्रातः 10.15 बजे से, 4 मई की रात्रि को 8.30 बजे से विशाल भक्ती संध्या का कार्यक्रम होगा वही अंतिम दिन 5 मई को 9.15 से भामाशाह सम्मान समारोह और ध्वजा 10.15 बजे चढ़ाई जाएगी तथा महाप्रसादी 12.15 से आयोजित की जाएगी कार्यक्रम को लेकर कोषाध्यक्ष घेवरराम राठोलिया,उपाध्यक्ष वेनाराम उटेलिया, कोटवाल घीसाराम ब्रांधना, सरपंच सोहनलाल कुंडलवाल,ओगडराम मुलेरा, जवरीलाल कुंडलवाल, भुंडाराम कुंडलवाल,रामचंद्र कुंडलवाल,मांगीलाल ब्रांधना, गणेशराम घोडेला,मांगीलाल कुंडलवाल, नेमीचंद धनेरिया,सुखदेव राठोलिया, शुक्राराम हाटवा, डूंगाराम कुंडलवाल, हरीराम कुंडलवाल, नारायण लाल कुंडलवाल, शेषाराम उटेलिया, बुधाराम कवाडिया,मदनलाल भोबरिया,ढगलाराम मुलेरा,भंवरलाल कुंडलवाल, छोटूराम कुंडलवाल, डूंगाराम थांवलिया, रूपाराम ब्रांधना, शंकरलाल उटेलिया,वेनाराम कवाड़िया समेत पूरी कार्यकारिणी व कई समाजबंधु जुटे हुए ह



## पूर्व विधायक स्व. श्री हरिज्ञान सिंह बोहरे की 42 वी पुण्यतिथि के मौके पर अहरोली काली में कार्यक्रम

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**अटेर ।** हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं विचारक स्व.श्री हरिज्ञान सिंह बोहरे पूर्व विधायक अटेर जिला भिंड की 42 वी पुण्यतिथि ऐतिहासिक मई दिवस (01 मई) के उपलक्ष्य में अंतर्राष्टीय मजदूर दिवस कार्यक्रम उनकी जन्मस्थली ग्राम अहरोली काली की तिवरिया पर 1 मई 2023 को सुबह 8 बजे आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम संयोजक बी के बौहरे एवं आशीष बौहरे ने अंचल के सभी प्रबुद्धजनों किसानों मजदूर भाइयों से उक्त कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## राधनपुर तालुका मे समन्वय परियोजना के तहत बेस्ट स्कूल, बेस्ट हेड टीचर और बेस्ट टीचर अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया

निल कुमार, पुष्पांजली टुडे

**पाटन/गुजरात।** जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पाटन के मार्गदर्शन में राधनपुर तालुका प्राथमिक शिक्षा अधिकारी हरखाभाई जे नाडोदा एवं राधनपुर तालुका शिक्षा परिवार ने समन्वय परियोजना के तहत सर्वश्रेष्ठ विद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्रधानाध्यापक एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार का आयोजन किया जिसमें सबसे पहले प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं विद्यालयों को ऑनलाइन पंजीकरण किया था, उसके बाद तालुक शिक्षा अधिकारी हरखा भाइ नाडोदा साहब की सूचना तहत तालुका कार्यालय द्वारा विद्यालय, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक के स्थल निरीक्षण हेतु 3 टीमों का गठन किया गया तथा निर्धारित नमूना प्रारूप के अनुसार विद्यालयों का आमने-सामने निरीक्षण किया गया। इसका आयोजन पहली बार वर्ष 2022-2023 में किया गया। जिसे हर साल सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। प्रथम वर्ष में वल्लभनगर प्रा. सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के रूप में, कोलापुर प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री हरेशभाई प्रजापति को बेस्ट हेड टीचर और श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में जूना पोरोना प्रा.के शिक्षक राधेश्यामभाइ साधुको पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार में शील्ड, प्रमाण पत्र व शाल देकर सम्मानित किया गया। पहली बार यह पुरस्कार समारोह जूना पोराना प्रा. स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें पाटन जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी नेहलभाई रावल, राधनपुर तालुका पंचायत प्रमुख, सातलपुर तालुका प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सरोजबेन पटेल, के.नी.श्री, बी.आर.सी./सी.आर.सी.,दोनों यूनियनों के पदाधिकारी और तालुक के सभी स्कूलों के प्रिंसिपल उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का आयोजन राधनपुर तालुका प्राथमिक शिक्षा अधिकारी हरखाभाई जे. नाडोदा और हीराभाई के. पटेल सीआरसी राधनपुर 2 द्वारा किया गया।

## हेरोइन की खेप लेने आए 3 संदिग्धों को बीएसएफ ने पकड़ा

पुष्पांजली टुडे

नशीले पदार्थों की तस्करी करने के लिए पहुंचे तीन जनों को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ लिया।बीएसएफ ने बाद में तीनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।समेजा कोठी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तरनतारण जिले में रहने वाले जोबनजीत, बोहड़ सिंह वअंग्रेज सिंह को 75 एनपी के पास सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ा। इस दौरान बीएसएफ ने इनसे पूछताछ की, तो इन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर तीनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि तीनों जने अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए बॉर्डर पार लोकेशन भेजने के उद्देश्य से आये थे । इनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस इनके आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगालने में जुट गई है। इसके लिए तरनतारन जिला पुलिस द्वारा भी आवश्यक जानकारियां मांगी जा रही हैं। साथ ही अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी इनसे पूछताछ करेगी। बताया जाता है कि इसकार्यवाही के दौरान इनके एक वाहन को भी जब्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान चौंकाने वाले खुलासे होने भी संभावना है।ज्ञात रहे पाकिस्तान की तरफ से अब तक अनेक बार ड्रोन के माध्यम से हरोइन के पैकेट फैंके जाने के मामले सामने आ चुके हैं। करोड़ों रुपए की हेरोइन को जब्त करने में भी सीमा सुरक्षा बल कामयाब रही है, वहीं अनेक तस्करोंको भी पकड़ा, पकड़े गए तीन तस्करों में बोहड़ सिंह पर पहले भी तस्करी के कई मामले दर्ज है,बोहड़ सिंह 1990 में हथियारों की तस्करी करने के मामले में टाडा का आरोपी रहा है,घड़साना क्षेत्र में 1990 में हुई हथियारों की तस्करी के मामले में बोहड़ सिंह को गिरफ्तार किया गया था ,उस समय बोहड़ सिंह के घर से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे, बोहड़ सिंह 11 वर्ष हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर में सजा काट चुका है,जेल से छूटने के बाद बोहड़ सिंह हेरोइन की तस्करी के लिए बॉर्डर क्षेत्र में आया था, जहां बीएसएफ द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है

## राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन महादेवपुरा द्वारा सांसद गहलोत एवं विश्नोई का स्वागत




पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरु** ।राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन महादेवपुरा द्वारा शुक्रवार देर सायं दोड़निकुंदी स्थित महावीर गौशाला में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत एवं पूर्व सांसद जसवंतसिंह विश्नोई के आगमन पर परंपरागत रूप से माला, साफा आदि पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उपस्थित राजस्थानी लोगों को संबोधित करते हुए सांसद गहलोत ने केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति कर रहा है आज विश्व पटल पर भारत को आशा भरी नजर से देखा जा रहा है। पूर्व सांसद जसवंतसिंह विश्नोई ने अपने मारवाड़ी लहजे में ओजस्वी संबोधन देते हुए प्रवासियों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। कार्यक्रम को डीसा गुजरात के विधायक प्रवीण माली एवं नवसारी के युवा भाजपा नेता अशोक गजेरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन से हुआ। इस मौके सतीश राव, कालूराम भायल, गोविंद प्रजापत, मयूर जैन, प्रकाश भायल, मोहनलाल, दीपक बागरेचा, भूपेश कश्यप, भुण्डाराम सीरवी बेलन्दूर कन्हैयालाल पटेल, हर्ष बम्ब, डूंगर प्रजापत सहित सैकड़ों प्रवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हर्ष जैन ने किया।

## सम्पादकीय

### आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों की बढ़ेगी गोलबंदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करते हुए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि सभी भ्रष्टाचारी एक मंच पर साथ आ रहे हैं. भारत विरोधी शक्तियां एकजुट हो रही हैं. उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सरकार ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जो ऑपरेशन चलाया, इससे उनकी जड़ें हिल गई हैं. ऐसी स्थिति में मुझे लगता है कि अभी जो राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त हुई है सूरत के एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला आने के बाद और उसमें उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई है तो इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष गोलबंद हो गया है. दूसरी बात यह की अडानी के संदर्भ में जो हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आई है उसे लेकर विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री के अडानी के साथ नजदीकी को लेकर सवाल उठा रहा है. इस मुद्दे पर बार-बार संसद में हंगामा के चलते कार्यवाही भी बाधित हो रही है. उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस और विपक्ष की तमाम पार्टियां जो हैं वो प्रधानमंत्री पर हमलावर हैं. उनका ये सीधा आरोप है कि अडानी का जो प्रमोशन हुआ है वो नरेंद्र मोदी के गुजरात में मुख्यमंत्री रहने से लेकर प्रधानमंत्री बनने के बाद भी जारी है. विपक्ष का कहना है कि मोदी ने केंद्र में आने के बाद अडानी को तरह-तरह की रियायत दी हैं, जिसके कारण चाहे एयरपोर्ट हो या कोयला का खदान और अन्य सरकारी ठेके अडानी को दिये गए हैं. अडानी उद्योग समूह को बैंकों से लाखों करोड़ रुपये के कर्ज मिले हैं. एलआईसी और ईपीएफ से कर्ज मिले हैं....कुल मिलाकर विपक्ष का यह आरोप है कि अडानी की प्रधानमंत्री के साथ नजदीक होने के चलते वो फल-फूल रहे हैं और न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी उन्हें कई काम मिलें हैं. हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आने के बाद जिस तरह से अडानी समूह को 12 लाख करोड़ रुपये का गच्चा लगा है छोटे निवेशकों का तो इस मामले में प्रधानमंत्री जी मुख्य निशाने पर हैं. अब जवाब में चूंकि कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों के नेता कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे रहे हैं. आप चाहे बिहार, बंगाल या यूपी या महाराष्ट्र को ही देख लीजिए तो जो भी क्षेत्रीय दल हैं चाहे वो एनसीपी हो, समाजवादी पार्टी हो, राजद हो या टीएमसी और आम आदमी पार्टी तो ये जितने भी दल हैं सब के नेता कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के मामलों से घिरे हुए हैं. राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर 13 विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी है. प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी है और ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग करने को लेकर और विपक्षी नेताओं को परेशान करने को लेकर सभी ने संयुक्त बयान जारी किया है. अब राहुल गांधी की सदस्यता का ही मुद्दा देख लीजिए तो सभी पार्टियों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल याचिका दायर की गई है. लेकिन यह भी देखने की बात है कि जो कार्रवाई हुई है वो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप हुई है चूंकि 2013 में जो सर्वोच्च न्यायालय ने जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत जिस धारा को निरस्त कर दी गई थी उसके तहत कार्रवाई की जा रही है...तो इस अधिनियम को निरस्त करने के लिए एक याचिका दायर की गई है. स्वाभाविक रूप से भ्रष्टाचार एक मुद्दा हो गया है. अभी राहुल गांधी ने न सिर्फ अडानी को संरक्षण देने के लिए बल्कि नीतियों को सरल बनाने का भी केंद्र सरकार पर आरोप है बल्कि राहुल गांधी ने तो सीधा-सीधा यह भी आरोप लगा दिया है कि अडानी समूह में 20 हजार करोड़ रुपये की जो पूंजी वो भाजपा के नेताओं ने लगाई है. अब इस आरोप पर लगातार संसद में जेपीसी गठित कर जांच करने की मांग हो रही है और अब लोगों में भी कहीं न कहीं यह अवधारणा बनने लगा है कि अडानी के मामले पर केंद्र सरकार जो वो बैकफुट आती दिख रही है. हालांकि इसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी बनाई है लेकिन जेपीसी की मांग से केंद्र सरकार भाग रही है. मंगलवार को जब नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय में आवासीय परिसर का उद्घाटन का मौका था तो प्रधानमंत्री ने कहा कि सारे भ्रष्टाचारी एक हो गए हैं और हमने जो भ्रष्टाचार रोकने के लिए अभियान छेड़ा है वो रुकने वाला नहीं है. इससे पहले भी जब ईडी और सीबीआई ऑफिसर्स की बैठक हुआ थी तो उस दौरान भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्रीय एजेंसियों को हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है और उन्हें यह भरोसा दिलाया था कि आप अपनी कार्रवाई भ्रष्टाचारी नेताओं के प्रति, व्यापारियों के खिलाफ हो या राजनेता के खिलाफ आप उसे जारी रखिये. तो यही बात उन्होंने कल भी कही और यह सभी विपक्षी दलों के लिए था. उन्होंने विपक्ष के किसी भी नेता का बिना नाम लिए उन सभी पर निशाना साधा है उन्होंने संयुक्त रूप से अभी ईडी और सीबीआई की जांच को लेकर विरोध जताया है.*

# ममता बनर्जी की इस दहाड़ से क्या विपक्ष को मिल पाएगी संजीवनी

**बताते हैं कि ममता के इस ऐलान के बाद बीजेपी की बंगाल इकाई के मुख्यालय में खुशियों भरे लड्डुओं की बौछार इसलिये आ गई थी कि वे बीजेपी के एजेंडे को ही आगे बड़ा रही हैं. लेकिन ममता ने बुधवार को केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये के विरोध में हुई कोलकाता की रैली में जिस ताकत के साथ सारे दलों को एकजुट होने की अपील की है. उसने बीजेपी के मंसूबों पर पानी फेर दिया है. उन्होंने बहुत सारी बातें कहीं लेकिन सारा फोकस इसी पर था कि 2024 में लोकसभा का चुनाव आम जनता और बीजेपी के बीच होगा. बंगाल की राजनीति को बरसों से कवर कर रहे पत्रकार कहते हैं कि सालों बाद ममता का ये रौद्र रूप देखने को मिला है, जब उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ इतने तीखे तेवरों में हमला बोला है. ममता ने कहा कि, बीजेपी का अहंकार चकनाचूर करने के लिए समूचे विपक्ष को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी. देश को बचाने के लिए दुशासन से छुटकारा पाना होगा और लोकतंत्र व गरीबों की रक्षा के लिए दुर्योधन को हटाना ही होगा. वे यहीं पर नहीं रुकीं और खुद उनकी ही पार्टी के नेताओं को एक पल के लिए लगा कि उनकी नेता ने अपनी राजनीतिक लाइन को अचानक कैसे बदल दिया है.**

कहते हैं कि राजनीति में न तो कोई स्थायी दोस्त होता है और न ही स्थायी दुश्मन. शायद इसलिए कि वक़्त के बदलते हर पल के साथ ही राजनीति भी बदलती है और वो एक नई दिशा तलाशती है. इसे हम अपने लोकतंत्र की खूबसूरती भी कह सकते हैं और राजनेताओं का सियासी स्वार्थ भी. लेकिन बावजूद इसके अगर राजनीति एक नई शक्ल लेकर देश के अवाम का ईमानदारी से कोई भला करना चाहती है, तो इस पर शायद किसी को भी ऐतराज नहीं होगा. लेकिन ये तो मानना ही पड़ेगा कि राहुल गांधी के मामले ने विपक्षी खेमे में उठने वाली अलग-अलग आवाड़ों को खामोश करते हुए उन्हें सिर्ड़ एक ही धुरी पर लाकर खड़ा कर दिया है कि मौजूदा सरकार को बाहर का रास्ता आखिर कैसे दिखाया जाये. हफ्ता भर पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि कांग्रेस से जबरदस्त खुंदक खाई हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को इतना बड़ा ऐलान करके राजनीति की दिशा को पलट देने के लिये इस अंदाज में आगे आ जाएंगी. उन्होंने बीजेपी सरकार को हटाने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट होने के वास्ते जिस तेवर भरे अंदाज में अपील की है. वह बीजेपी खेमे के लिए भी बेहद चौंकाने वाली है. इसलिए कि बीते दिनों सागरदिघी विधानसभा सीट पर हुआ उप चुनाव हारने के बाद ममता ने कांग्रेस से दूरी बनाते हुए ये ऐलान कर दिया था कि उनकी पार्टी टीएमसी अगला लोकसभा चुनाव अकेले अपने दम पर ही लड़ेगी. बताते हैं कि ममता के इस ऐलान के बाद बीजेपी की बंगाल इकाई के मुख्यालय में खुशियों भरे लड्डुओं की बौछार इसलिये आ गई थी कि वे बीजेपी के एजेंडे को ही आगे बड़ा रही हैं. लेकिन ममता ने बुधवार को केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये के विरोध में हुई कोलकाता की रैली में जिस ताकत के साथ सारे दलों को एकजुट होने की अपील की है. उसने बीजेपी के मंसूबों पर पानी फेर दिया है. उन्होंने बहुत सारी बातें कहीं लेकिन सारा फोकस इसी पर था कि 2024 में लोकसभा का चुनाव आम जनता और बीजेपी के बीच होगा. बंगाल की राजनीति को बरसों से कवर कर रहे पत्रकार कहते हैं कि सालों बाद ममता का ये रौद्र रुप देखने को मिला है, जब उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ इतने तीखे तेवरों में हमला बोला है. ममता ने कहा कि, बीजेपी का अहंकार चकनाचूर करने के लिए समूचे विपक्ष को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी. देश को बचाने के लिए दुशासन से छुटकारा पाना होगा और लोकतंत्र व गरीबों की रक्षा के लिए दुर्योधन को हटाना ही होगा. वे यहीं पर नहीं रुकीं और खुद उनकी ही पार्टी के नेताओं को एक पल के लिए लगा कि उनकी नेता ने अपनी राजनीतिक लाइन को अचानक कैसे बदल दिया है.

लेकिन बंगाल के राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि इतने सालों में ममता ने अपनी इमेज एक शेरनी वाली बना ली है,जो दहाड़ते वक़्त आगा-पीछा नहीं देखती है और लोग उनकी इसी छवि के कायल भी हैं.

बताते हैं कि कोलकाता के लोगों को अरसे बाद ममता की ऐसी दहाड़ सुनने-देखने को मिली है जो कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है. ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस नए भारत में विपक्षी नेता ही बीजेपी का मुख्य निशाना हैं. जबकि आपराधिक पृष्ठभूमि रखने वाले बीजेपी नेता आज केंद्र सरकार में मंत्री बने बैठे हैं. लेकिन विपक्षी नेताओं को अपने भाषणों को लेकर संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा रहा है. अपने संवैधानिक लोकतंत्र को आज हम इतना नीचे गिरते हुए देख रहे हैं, जिसकी कल्पना शायद किसी ने भी नहीं की होगी.

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को संसद से अयोग्य ठहराये जाने के बाद भी ममता ने अपने ट्वीट में भी यही लिखा था. जाहिर है कि राहुल गांधी को मिली दो साल की सजा और उसके बाद संसद से अयोग्य घोषित किये जाने के फैसले ने ही ममता को अपना सियासी स्टैंड बदलने पर मजबूर किया है. बीते सोमवार को सरकार के खिलाफ रणनीति तय करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा संसद में बुलाई गई बैठक में टीएमसी नेताओं ने हिस्सा लेकर ये संकेत दे दिया था कि ममता भी इस मुहिम में उनके साथ है. टीएमसी के सांसद काले कपड़े पहनकर विरोध जताने में भी कांग्रेस के साथ खड़े दिखाई दिये थे. हालांकि सियासी जानकार मानते हैं कि ममता का ये रुख सिर्फ कांग्रेस के लिए ही नहीं बल्कि समूचे विपक्ष के लिए सोने में सुहागा वाली स्थिति साबित हो सकता है. लेकिन इसके लिये जरुरी है कि सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस अपने अहंकार को त्याग दे. तभी 2024 में विपक्ष इस हैसियत में होगा कि वह बीजेपी को बराबरी की टक्कर दे सके.

## इन गुणों के कारण भगवान राम कहलाएं मर्यादा पुरुषोत्तम

*भगवान श्री राम श्रेष्ठ राजा थे. उन्होंने मर्यादा, करुणा, दया, सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया. इस कारण उन्हें आदर्श पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है. भगवान राम में अनेक गुण हैं, जोकि हर व्यक्ति में जरूर होना चाहिए. भगवान श्रीराम में सहनशीलता और धैर्य की परकाष्ठा का विशेष गुण है. इसका पता इस बात से ही चलता है कि कैकयी की इच्छा व आज्ञा से वह 14 वर्ष वनवास के लिए चले गए. अयोध्या का राजा होते हुए भी उन्होंने संन्यासी की तरह जीवन बिताया. भगवान राम के कई मित्र थे. केवट, सुग्रीव, निषादराज और विभीषण सभी के साथ भगवान राम एक जैसा मित्रता का भाव रखते थे. मित्रों के लिए राम जी ने कई बार स्वयं संकट भी उठाए. भगवान राम की तरह मित्रता निभाने का गुण हर किसी में होना चाहिए. आदर्श भाई के रूप में रामजी का नाम आज भी लिया जाता है और लोग कहते हैं भाई हो तो राम जैसा. लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न उनके सौतेले भाई थे. लेकिन उन्होंने अपने सभी भाईयों संग सगा सा व्यहार किया. भाईयों के लिए त्याग और समर्पण के लिए भी वे हमेशा तैयार रहे. राम जी जैसा यह गुण हर भाई में होना चाहिए. भगवान राम राजा होने के साथ ही एक कुशल प्रबंधक भी थे. उनमें सभी को साथ लेकर चलने का गुण था. अपने इसी गुण के कारण उन्होंने अपनी सेना की सहायता से लंका जाने के लिए सेतु का निर्माण किया. भगवान राम में दयालुता का भी गुण था, जोकि हर किसी में होना चाहिए और आज इसकी अधिक आवश्यकता है. भगवान राम ने अपनी दयालुता के कारण पक्षी, मानव और दानव सभी को आगे बढ़ने का अवसर दिया.*



## फ्रांस के लोग अपनी संसद को आवारा बनने से आखिर क्यों रोक रहे हैं

दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी खूबसूरती के लिए पेरिस बुलाने वाला यूरोप का तीसरा बड़ा देश फ्रांस इन दिनों विरोध की आग में जल रहा है. इसकी वजह वही है, जो हमारे देश में साल 2004 के बाद से चली आ रही है लेकिन तब भी यहां खामोशी छाई हुई है. पर, फ्रांस की जनता शायद डरपोक नहीं है और वो सरकार के एक गलत फैसले को बर्दाश्त करने को तैयार भी नहीं है, इसीलिये उसने सड़कों पर उतरकर हिंसक विद्रोह करते हुए हुक्मरानों को अपनी ताकत का अहसास कराने की मुहिम छेड़ रखी है. नेपोलियन बोनापार्ट की क्रांति से आये साम्राज्य से मुक्ति पाकर भारत से एक साल पहले यानी 1946 में एक गणराज्य बनने वाला फ्रांस दुनिया का इकलौता ऐसा देश है जहां आज भी तकरीबन 45 फीसदी लोग नास्तिक हैं. यानी उनका इस धरती पर परम शक्ति से प्रकट हुए किसी भी अवतार पर कोई भरोसा नहीं है फिर चाहे वह ईसा हो या मूसा. जाहिर है कि फिर ऐसे मुल्क की जनता को अपनी सरकार के किसी फैसले के ड़िलाड़ सड़कों पर आकर मुड़ालड़त करने का कोई खौड़ नहीं होता और वे यही कर भी रहे हैं. ये भारत में उन लोगों के लिए बड़ी मिसाल है जो 2004 के बाद पुरानी पेंशन मिलने के मोहताज हो चुके हैं. दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सरकार ने बीते दिनों पेंशन बिल पास कर के रिटार्यमेंट की उम्र को 62 से बढ़ाकर 64 साल कर दिया है. इससे लोगों का गुस्सा ऐसा फूट पड़ा है कि उन्होंने पेरिस समेत अन्य प्रमुख शहरों में जबरदस्त विरोध-प्रदर्शनों के साथ ही आगजनी का सिलसिला भी शुरु कर दिया है. फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, चूंकि सरकारी विभागों में नई भर्तियां हुई नहीं हैं इसलिये सरकार को ये कदम उठाना पड़ा. लेकिन इसका नतीजा हिंसक प्रदर्शनों के रुप में देखने को मिल रहा है. मैक्रों सरकार द्वारा लाये गये इस बिल के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव भी लाया था लेकिन भारत की तरह वहां भी जोड़तोड़ के जरिये सरकार उसे गिराने में कामयाब हो गई. वह बाल-बाल बच तो गए लेकिन अगर वह पास हो जाता तो राष्ट्रपति को नए चुनाव कराने पड़ते. इसलिए कि राष्ट्रपति मैक्रो ऐसे माहौल में किसी भी सूरत में चुनाव में नहीं जाना चाहते थे,अन्यथा उन्हें हार का सामना करने का खतरा था. फ्रांस के नए पेंशन बिल में कर्मचारियों को 62 की जगह अब 64 साल की उम्र तक काम करना होगा. लेकिन इसका असर ये होगा कि पूरी पेंशन के लिए जरूरी मिनिमिम सर्विस का टर्म भी बढ जाएगा. यानी अब पूरी पेंशन लेने के लिए 42 की जगह 43 साल काम करना जरूरी होगा. लेकिन सरकारी कर्मचारी इसके लिए तैयार नहीं हैं और इसीलिये वे लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं. फ्रांस के मीडिया के मुताबिक राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस वक़्त अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं और लगता है कि वे देश की आबादी के एक बड़े हिस्से का भरोसा खो चुके हैं. फ्रांस में हो रहे ये प्रदर्शन भारत के लिए आखिर क्यों महत्वपूर्ण हैं इसे थोड़ा समझना होगा. हमारे यहां भी पुरानी पेंशन योजना बनाम सरकार द्वारा लाई गई नई पेंशन योजना के लाभों को लेकर बहस छिड़ी हुई है. फ्रांस में रिटायरमेंट की उम्र को लेकर जो विरोध हो रहा है, वह भारत की पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बनाम नई पेंशन योजना (एनपीएस) को लेकर हो रहे विरोध जैसा ही है. फर्क सिर्फ इतना है कि वहां लोग सड़कों पर उतर आये हैं और यहां लोकतंत्र के बावजूद प्रभावित लोग वैसी हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं. बता दें कि साल 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बंद करके नई पेंशन योजना लागू कर दी थी. अब ये भी समझिए कि इससे नुकसान किसका हो रहा है और फायदे में कौन हैं. पुरानी व्यवस्था के हिसाब से किसी भी कर्मचारी/अधिकारी की पेंशन उसके अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत होती थी और पूरी राशि का भुगतान सरकार ही करती थी. वहीं अब नई व्यवस्था में सरकारी कर्मचारियों को अपने वेतन और महंगाई भत्ते का 10 फीसदी सेवानिवृत्ति कोष में देना होता है.

# सुप्रीम कोर्ट को भी आखिर क्यों दोहरानी पड़ी ओशो की चेतावनी

दुनिया के सबसे विवादास्पद दार्शनिक ओशो रजनीश ने बरसों पहले अपने एक प्रवचन में कहा था, राजनीति का अर्थ होता है- दूसरों को कैसे जीत लूंड़ धर्म का अर्थ होता है- स्वयं को कैसे जीत लूंड़ इसलिये धर्म और राजनीति बड़े विपरीत हैं. राजनीति के पास सारे विध्वंसात्मक हथियार हैं, जबकि धर्म नितांत कोमल है. राजनीति के पास हृदय नहीं है, धर्म शुद्ध हृदय है. वह ठीक वैसे ही है जैसे एक सुंदर गुलाब का फूल- जिसका सौंदर्य, जीवन को जीने योग्य बनाता है. लेकिन राजनीति पत्थर जैसी है- मृत. किंतु पत्थर फूल को नष्ट कर सकता है और फूल के पास कोई सुरक्षा नहीं है. राजनीति अधार्मिक है. इसलिये धर्म अकेला क्षेत्र है जहां राजनीति को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए.

हमारे देश की सुप्रीम कोर्ट ने कई बरसों बाद ओशो के उन विचारों को न सिर्फ जायज ठहराया है बल्कि एक तरह से उन्हें दोहराते हुए केंद्र समेत राज्य सरकारों की जमकर खिंचाई भी की है. हेट स्पीच यानी नफरती भाषण देने के एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा है कि जिस क्षण राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे और नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, उसी दिन नफरत फैलाने वाले भाषण भी बंद हो जाएंगे. जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने नफरती भाषण देने वाले लोगों पर सख्त आपत्ति जताते हुए सवाल किया है कि लोग खुद को काबू में क्यों नहीं रखते हैंड़ हालांकि, ये भी सच है कि राजनीति का स्तर कितना नीचे गिरता जा रहा है और उसमें नफरत फैलाने की भाषा का इस्तेमाल जिस तेजी से बड़ता जा रहा है, इसका अहसास समाज के अन्य वर्गों के साथ न्यायपालिका ने भी बेहद शिद्दत के साथ महसूस किया है. शायद इसीलिये न्यायालय को पुराने नेताओं के भाषणों की मिसाल देने पर मजबूर होना पड़ा. शीर्ष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके भाषणों को सुनने के लिए दूर-दराज के इलाकों से लोग इकट्ठे होते थे. न्यायाधीशों ने अपनी इस टिप्पणी से इशारा दिया है कि अलग-अलग विचारधारा होने के बावजूद उन नेताओं के भाषणों की भाषा संयत हुआ करती थी, जिसमें किसी दूसरे समुदाय के लिए नफरत फैलाने की जरा भी गुंजाइश नहीं होती थी. लेकिन पिछले कुछ दशक में राजनीति का जो रूप सामने आया है, उसने समाज में नफरत फैलाने की जो नई इबारत लिखी है वो आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है. देश के पालनहारों की जुबान से निकले जहरीले बोल किसी भी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के सभ्य समाज के एक बड़े तबके को हिंसक बनाने में ज्यादा देर नहीं लगाते. दुर्भाग्य से, हमारी राजनीति उसी रास्ते पर आगे बड़ रही है. लिहाजा लोकतंत्र



का तीसरा व मजबूत स्तंभ कहलाने वाली न्यायपालिका का फिक्रमंद होना और सरकारों को इस पर लगाम कसने के लिए फटकार लगाने को कोई भी समझदार इंसान गैर वाजिब नहीं कहेगा. ऐसे नाजुक मसलों पर न्यायपालिका ने भी अपने मुंह पर अगर पट्टी बांध ली तो लोकतंत्र का वजूद ही खत्म हो जाएगा. जस्टिस केएम जोसेफ ने कहा- हर रोज टीवी और सार्वजनिक मंचों पर नफरत फैलाने वाले बयान दिए जा रहे हैं. क्या ऐसे लोग खुद को कंट्रोल नहीं कर सकतेड़ लाइव लॉ के मुताबिक, जस्टिस जोसेफ ने इस मामले में राज्य सरकार के रवैये पर भी तल्ख टिप्पणी की है. उन्होंने कहा, राज्य नपुंसक हैं. वे समय पर काम नहीं करते. जब राज्य ही ऐसे मसलों पर चुप्पी साध लेंगे तो फिर उनके होने का मतलब क्या है। दरअसल, शाहीन अब्दुल्ला नामक शख्स ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय राज्यों को कई बार हेट स्पीच पर लगाम लगाने के आदेश दे चुका है. इसके बावजूद हिंदू संगठनों की हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल रही है. याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील निजामुद्दीन पाशा ने कोर्ट में कहा था कि महाराष्ट्र पुलिस को एक हिंदू संगठन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और वह संगठन पिछले चार महीने में 50 से अधिक रैलियां आयोजित कर चुका है. पिछली सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि हेट स्पीच को लेकर कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता है. अगर हर छोटी अवमानना की याचिका पर सुनवाई होने लगे तो सुप्रीम कोर्ट देशभर से हजारों याचिकाओं से भर जाएगा. हालांकि, सुनवाई के दौरान जस्टिस जोसेफ ने इस बात पर जोर दिया कि अवमानना याचिका की सुनवाई होनी चाहिए. गौरतलब है कि इससे पहले मंगलवार (28 मार्च) को हुई सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि हेट स्पीच के मामलों में सिर्फ दर्ज करने से समाधान नहीं होगा. इसके लिए क्या कार्रवाई की गई, ये कोर्ट को बताएं. हेट स्पीच को लेकर पिछले महीने भी सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की थी. तब भी कोर्ट ने कहा था, जब हेट क्राइम के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो ऐसा माहौल बनाया जाता है जो बहुत खतरनाक है और इसे हमारे जीवन में जड़ से खत्म करना होगा. हेट स्ड़पीच पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है. जिस खतरे को हमारी शीर्ष अदालत आज महसूस कर रही है, उसे हिंदी के मशहूर व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने सालों पहले ही भांप लिया था. उन्होंने लिखा था- दिशाहीन, बेकार, हताश, नकारवादी, विध्वंसवादी बेकार युवकों की यह भीड़ खतरनाक होती है. इसका उपयोग महत्वाकांक्षी खतरनाक विचारधारा वाले व्यक्ति और समूह कर सकते हैं. यह भीड़ धार्मिक उन्मादियों के पीछे चलने लगती है. यह भीड़ किसी भी ऐसे संगठन के साथ हो सकती है, जो उनमें उन्माद और तनाव पैदा कर दे. फिर इस भीड़ से विध्वंसक काम कराए जा सकते हैं. यह भीड़ फासिस्टों का हथियार बन सकती है. हमारे देश में यह भीड़ बढ़ रही है और इसका उपयोग भी हो रहा है. आगे इस भीड़ का उपयोग सारे राष्ट्रीय और मानव मूल्यों के विनाश के लिए, लोकतंत्र के नाश के लिए करवाया जा सकता है.

## नगरपालिका भाजपा चैयरमैन को विकास कार्यों में धांधली को लेकर डीएलबी ने थमाया नोटिस

पुष्पांजली टुडे



**श्रीगंगानगर।** रायसिंहनगर पालिका क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के दौरान धांधली के आरोपों से घिरे भाजपा के चैयरमैन मनीष मोहन कौशल की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है। पालिका के विपक्षी पार्षदों नें कांग्रेस विधायक गोविंदराम मेघवाल के माध्यम से विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई थी। जिसके बाद डीडीआर ने जांच में चैयरमैन को दोषी मानते हुए आगे की कार्यवाही के लिए पत्रावली स्वायत्त शासन विभाग जयपुर को भेजी। कछुआ चाल से चल रही जांच की आंच एक बार फिर भाजपा के चैयरमैन तक पहुंच गई। इसको लेकर पालिका में नोटिस पहुंच चुका है। लेकिन जब इस संबंध में ईओ लाजपत बिश्नोई से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि नोटिस आया हुआ है, अभी तक चैयरमैन को तामिल नहीं करवाया। इसलिए नोटिस को सार्वजनिक नहीं कर सकते है। वहीं उन्होंने बताया कि पूर्व में होर्डिंग्स ठेका, खांचा भूमि का आवंटन सहित शहर में आवारा कुत्तों की गई नसबंदी में भ्रष्टाचार को लेकर स्वायत्त शासन विभाग से नोटिस जारी हुआ। जिसमें तीन दिन में स्पष्टीकरण देने या फिर आगामी कानूनी प्रक्रिया का सामने करने की बात कही गई। वहीं विपक्ष के कुछ पार्षदों ने आरोप लगाया है कि पालिका में चैयरमैन के नाम से आये नोटिस को करीब एक हफ्ता हो रहा है। नोटिस में तीन दिन का समय दिया गया है। जब नोटिस तामिल ही नहीं होगा तो जबाव कब भेजा जायेगा।

## कार्यकर्ता एकजुट होकर लग जाए,प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार :मान सिंह कुशवाह

### मेहगांव विधानसभा में कांग्रेस की मंडलम,सेक्टर,की बैठक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** आज मेहगांव विधानसभा में मंडलम सेक्टरो की बैठकों का आयोजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। जिसमे मंडलम नुन्हड़ ,मंडलम सुकांड, मंडलम अकलोनी, मंडलम कचनाव,सभी जगह बैठक का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने मंडलम सेक्टर की बैठक में उपस्थित होकर अपनी बात रखते हुए कहा आमजन किसान के हित में बनाया गया वचन पत्र कांग्रेस सरकार बनते ही लागू किया जावेगा जल्द ही बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सभी बूथ मंडलम सेक्टरों को बूथ स्तर पर पहुंच कर कमलनाथ जी के वचन पत्र को आमजन तक पहुंचाने का काम सेक्टर के हर कार्यकर्ताओं को करना है।



मंडलम,सेक्टर,बूथ, संगठन की रीड की हड्डी होते है सब लोग एकजुट होकर लग जाए,आमजन भाजपा की रीति - नीति से त्रस्त हो चुका है ।इस मौके पर पिछड़ा बर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लायक सिंह गुर्जर,वरिष्ठ नेता अमित दातरे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव करैया, जितेंद्र गुड्डू नरवरिया, वरिष्ठ नेता विजय बरेया,नुनाहड मंडल अध्यक्ष अहिवरन सिंह नरवरिया, कचनाव मंडलम अध्यक्ष विनोद समाधिया,सुकांड मंडलम अध्यक्ष दिनेश सिंह गुर्जर, अकलोनी मंडलम संदीप सिंह भदोरिया,सेक्टर अध्यक्ष उदय सिंह नरवरिया, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया,विनोद बघेल,सुलेमान खान,धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, दीपेंद्र सिंह गुर्जर,बलभद्र सिंह निगम लवकुश सिंह भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहें।

## श्रीमद्भागवत कथा हमें जीवन जीना सिखाती है : कुशवाहा



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**मेहंगाव ।** भिण्ड के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुजरक खैरोली बडेरा व सेमरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कथा स्थल पर पहुंचकर संत श्री व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त कर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया । जिले व प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की ईश्वर से कामना की,श्री कुशवाहा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें सही जीवन जीना सिखाती है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता अमित दातरे, वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह गुर्जर,वरिष्ठ नेता ब्रजकिशोर कल्लू शर्मा,वरिष्ठ नेता नाथूराम चुरारिया,अमायन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, परम सिंह सिकरवार प्रमुख रूप से साथ में उपस्थित रहे ।

## यातायात जागरूकता अभियान से वाहन चालकों को मिल रही है, यातायात नियमों की सही जानकारियां

### पुलिस व ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से चला रही हैं,यातायात जागरूकता अभियान

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय भोपाल आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में दिनांक 24/04/23 से दिनांक 30/04/23 तक सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने हेतु दिनांक 24/04/23 से 29/04/23 को विशेष अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट / विधिवत नंबर प्लेट न होने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 12500 रुपये समन शुल्क वसूला गया । इसी तारतम्य में स्कूली छात्र - छात्रओं को यातायात नियमों के बारे में बताया



जा रहा है एवं नाबालिग बच्चों के द्वारा वाहन चालान न करने हेतु समझाईश दी जा रही है। थाना अटेर मालनपुर, गोहद, मेहगांव,गोरमी,फूफ, लहार, मिहोना, मौ एवं अन्य थानों के द्वारा भी यातायात जागरूकता संबंधी अभियान चलाया जाकर अवैध ऑटो परिवहन एवं शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई एवं यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरण किये गये, इसके अतिरिक्त वाहन चालकों को यातायात नियम के बारे में समझाईश दी गई एवं यातयात नियमों का पालन न करने वाले 731 वाहन चालकों के चालान काटकर 539400 /- रूपये का समन शुल्क बसूला गया।उक्त अभियान के दौरान शराब / नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालक, वाहनों के द्वारा ध्वनि करना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, माल वाहन में वॉडी से ऊँचा लम्बा माल होना, बिना हेलमेट, तीन सवारी बैठाना, बिना सीट बेल्ट, ओव्हर स्पीडिंग करना, एवं नाबालिग वाहन चालाकों, बिना परमिट ऑटो रिक्शा एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्यवाही की गई साथ ही यातायात नियमों का पालन करने संबंधी समझाईश भी दी गई।

## खरगोन जिले के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं देने वाली एंबुलेंस 108 के पहिए कुछ घंटों के लिए थम गए।

खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

एबुलेंस पर तैनात स्टॉफ ने वाहन संचालन एजेंसी की मनमानी और अनियमितताओं से नाराज होकर अपनी मांगों के समर्थन में एबुलेंस संचालन रोककर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचे एबुलेंस चालक, इमरजेंसी टेक्निशिन ने रुका वेतन, ज्वाईनिंग लेटर जारी करने, समय पर वेतन जैसी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सभी एबुलेंस नवग्रह मेला मैदान में खड़े कर दिए गए थे। जिससे जिले में इमरजेंसी वाहन सेवाएं प्रभावित हुई। एबुलेंस स्टॉफ पियुष वसारे, तुलसीराम दांगी, संजय गांगले, संगीता अमोदे, स्वाती चौधरी आदि ने बताया कि जिले में जय अंबे प्रायवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 54 वाहन संचालित किए जा रहे है, जिस पर इमरजेंसी टेक्निशिन एवं चालको की तैनाती की गई है। इस कंपनी द्वारा 1 मई 2023 से प्रदेश की व्यवस्था संभाली गई, जब से इस कंपनी ने कामकाज अपने हाथ में लिया है कंपनी की मनमानी से स्टॉफ मानसिक रुप से प्रताड़ित हो रहा है। न तो वाहनों पर पूरा स्टॉफ तैनात किया जा रहा, न ही समय पर वेतन दिया जा रहा।इस मनमानी पर जताया आक्रोश -नियम के विरुद्ध कार्य करवाने के लिए दबाव बनाया जाना,

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर द्वारा ग्वालियर पूर्व विधानसभा के शहीद भगत सिंह मंडल के वार्ड 26 एवं ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के स्वामी विवेकानंद मंडल के वार्ड 53 में युवा मोर्चा द्वारा नवमतदाता युवा चौपाल का आयोजन किया गया

जिसमें युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी द्वारा युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना और केंद्र व राज्य सरकारी की युवाओं के लिए लाभकारी नीतियों से अवगत कराया तिवारी ने कहा कि युवा जो संकल्प लेता है उसको पूरा करके ही चैन की सांस लेता है आज युवाओं के सपनो को साकार करने का काम भाजपा नीत सरकारों ने किया है बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने भी युवाओं को सम्बोधित किया गोयल ने कहा कि आम जनता के बीच भाजपा सरकार की नीतियों को ले जाकर लाभ दिलाने का काम नौजवान साथियों का है



आज भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है गरीब ,मजदूर,किसान, नौजवान और बेटियों महिलाओं के लिए सरकार ने व्यापक योजनाएं बनाई है जिस कारण समाज में जीवन स्तर न केवल बेहतर हुआ है बल्कि लोगो को आगे बढ़ने का अवसर भी मिल रहा है लाड़ली बहना योजना महिलाओं का जीवन स्तर बदलने में मील का पत्थर साबित होगी कार्यक्रम में भाजपा के ज़िले के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राणा,मंडल के अध्यक्ष हरिओम झा,चेतन मंडलोई युवा मोर्चा के प्रदेश के सह सोशल मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलदीप यादव , लवी खंडेलवाल , बिक्कु राजावत , युवा मोर्चा के जिले के उपाध्यक्ष राजकुमार यादव , कपिल मुद्गल , ज़िले के मंत्री गौरव किशोर , विवेक पाल ,दीपक पाण्डेय,ज्योदित्य भदौरिया व नव मतदाता युवा साथी मौजूद रहे

### सरस्वती शिशु मंदिर उरमाल का परीक्षा परिणाम घोषित

## आरटीई के अंतर्गत पढ़ने वाली छात्रा बहन सिद्धि अग्रवाल बनी टॉपर प्राप्त की 100 में से 100अंक

संवाददाता हेमचंद नागेश

मैनपुर सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय उरमाल में सत्र 2022ङ्क23 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । विद्यालय के अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक के उपस्थिति में की गई परिणाम की घोषणा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन कर किया गया विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रेमावतार खरे व्यवस्थापक श्री जसवंत गोयल सह सचिव श्री अनिल अग्रवाल सदस्य श्री आनंद साहू श्री डीगेश देवांगन श्री परश कौशिक अभिभावक श्री किशोर कुमार कश्यप श्रीमती श्वेता जोशी सुभद्रा यादव तथा अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमाकांत बेहेरा जी के द्वारा परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया विद्यालय में कक्षा द्वितीय की बहन सिद्धि अग्रवाल ने 100 में से 100त



प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किया गया।

**अरुण से अष्टम तक का परीक्षा परिणाम-** कक्षा अरुण से प्रथम ब. भूमिप्रिया यादव 95.50त, चकोर प्रधान 93.10त द्वितीय मानसी तिवारी एवं भौमिक बघेल 92.40त तृतीय, कक्षा उदय से वैभव कश्यप एवं कल्पना कश्यप 97.5त प्रथम, भैया लक्षित गोयल एवं गौरव किसी 97.30त द्वितीय, सुशील नागेश 96.40 तृतीय, कक्षा प्रथम से ओंकार साहू 99तप्रथम, राखी अग्रवाल 98.50त द्वितीय नमन साहू प्रतीक साहू दिनेश कुमार यादव 97ततृतीय, कक्षा द्वितीय से सिद्धि अग्रवाल 100त प्रथम,जीत कश्यप एवं अमन तिवारी 99त द्वितीय,हर्षिता खरे 97.50त तृतीय, कक्षा तृतीय ब. मुस्कान कश्यप 96तप्रथम प्रमोदिनी साहू 93तद्वितीय मो.इदरीश 92त तृतीय, कक्षा चतुर्थ से मयूर जोशी 98.50तप्रथम, ताम्रध्वज कश्यप 95तद्वितीय ,चैतक कश्यप 94.50ततृतीय, कक्षा पंचम से कनिष्का खरे99त प्रथम, किरण यादव 98.50तद्वितीय मानवी यादव98त तृतीय, कक्षा षष्ठम् नीहार देवांगन93.66त प्रथम, कमलेश नागेश 92.50तद्वितीय, कुलदीप जोशी एवं नैतिक साहू 89.66त तृतीय, कक्षा सप्तम् से बहन कशिश खरे 96.83त प्रथम,ओनत नागेश 95.66तद्वितीय, योगेश साहू 94.66त तृतीय, कक्षा अष्टम से युग देवांगन 98.30तप्रथम, प्रिंस सोनवानी 94.66तद्वितीय, डमरुधर नागेश90.83त तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के सभी आचार्य दीदी समिति के सदस्य एवं उपस्थित अभिभावक बंधुओं ने सभी भैया बहनों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

## युवाओं को टूल किट व प्रमाण पत्र किये वितरित

पुष्पांजली टुडे



**दमोह।** हाईडलवर्ग सीमेंट के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत 120 युवा जिनमें ब्यूटीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं बैग निर्माण का हुनर प्राप्त किया गया उन्हें कंपनी के संयंत्र प्रमुख सुनील कुमार द्वारा सभी को प्रमाण पत्र व टूल किट वितरित की गई। इस अवसर पर सुनील कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को कठिन परिश्रम के साथ लगातार सीखने एवं नयी टेक्नॉलाजी से जुडे रहने हेतु प्रेरित कर उन्हें सफलता का कोई शार्टकट नही होता। बदलते परिवेश में हमें सकारात्मक सोच के साथ लगातार प्रयास करते रहना हैं। इस अवसर पर सीएसआर प्रमुख सुजीत मलिक, एजीएम दीपक सिंह ठाकुर, लेखा विभाग अनिल जायसवाल एवं सेडमेप के प्रशिक्षक व जिला समन्वयक पीएन तिवारी, आशीष श्रीवास्तव, संजय गर्ग, कशिश चौबे, अनुराधा रजक, आभा ठाकुर, मनीषा राय की उपस्थिति रही।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100 वें संस्करण पर दमयंती नगर मंडल के 61 बूथों पर सुनी जाएंगी मन की बात

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** भाजपा युवा नेता मोंटी रैंकवार ने जानकारी देते हुए बताया है कि दमयंती नगर मंडल के सभी 61




बूथों पर मन की बात के प्रसारण की व्यवस्था की गई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वें संस्करण का प्रसारण देशभर में 4 लाख केंद्रों पर किया जाएगा। 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक स्तर पर तैयारी की है। दमयंती नगर मंडल के अध्यक्ष पवन तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि हर विधानसभा में करीब 100 से अधिक स्थानों पर मन की बात के प्रसारण की व्यवस्था की गई है। जिसमें दमोह विधानसभा के दमयंती मंडल में 25 बूथों पर विशेष जगह और शेष बूथों पर अलग से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कुल मिलाकर दमयंती मंडल में 61 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में चुने हुए जनप्रतिनिधि, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। विभिन्न सामाजिक संगठन और अन्य संस्थाएं भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आगे आ रही हैं। श्री तिवारी ने बताया है कि शतकीय संस्करण को सफल बनाने के लिए पार्टी ने समस्त जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को एक-एक बूथ का प्रभार सौंपा गया है। सभी वार्ड अध्यक्ष और वार्ड प्रभारी अपने अपने बूथों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।दमयंती नगर मंडल के कार्यालय मंत्री अनिल सैनी और युवा नेता रमाकांत वाजपेई ने दमयंती नगर मंडल के समस्त भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 100 वें संस्करण को अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक बूथ पर सुनने की अपील की गई है। तो वही भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम लोधी सिविल 06 के बूथ पर तो दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी सिविल 08 में, पूर्व वित्त मंत्री बजरिया वार्ड 05 में सुनेंगे मन की बात।

## थाना मौ जिला भिण्ड द्वारा अवैध शराब की 07 पेटियो सहित आरोपी को किया गिरफ्तार थाना मौ जिला भिण्ड द्वारा 28000/- रुपये की अवैध शराब को किया जप्त

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जोन श्री सुशान्त सक्सेना एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंण्ड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में अवैध हथियार व अवैध शराब पर कार्यवाही करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान व श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री सौरभ कुमार एवं थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव के निर्देशन में दिनांक 28/04/2023 को मुखबिर सूचना पर से आरोपी आकाश पुत्र रघुवीर गोस्वामी उम्र 26 साल निवासी ग्राम गुहीसर थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) की दुकान से 07 पेटी देशी मंदिरा प्लेन शराब की प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर मे 180 एमएल शराब कुल 350 क्वाटरो की कीमती- 28000/- रुपये की जप्त की गई। आरोपी के पास शराब रखने के सम्बन्ध में कोई बैध दस्तावेज न होने से मौके पर समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर मौके पर आरोपी आकाश गोस्वामी पुत्र रघुवीर गोस्वामी उम्र 26 साल निवास ग्राम गुहीसर थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 101/2023 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का कायम कर आरोपी आकाश गोस्वामी पुत्र रघुवीर गोस्वामी उम्र 26 साल निवास ग्राम गुहीसर थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) को जे. आर पर माननीय न्यायालय गोहद पेश किया गया है। सराहनीय भूमिका उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिह यादव, उनि) अरविन्द सिंह यादव, उनि0 प्रवेन्द्र सिंह, सउनि हुकम सिंह चौधरी, सउनि0 सुभाष, प्र. आर 396 रमेश चौहान, आर 62 अजय यादव, आर 930 ओमवीर सिह, आर 1091 जहीर मोहम्मद, आर 699 सुभाष, आर 470 रंजीत सिंह, आर 897 सत्यप्रताप, आर चालक 1372 अचित्र सिंह, म.आर 1260 अचल जादौन, व्हीडीएस वीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# मन की बात ने देश के कोने-कोने के लोगों को जोड़ा - अरुण साव

## वैज्ञानिक उपलब्धियां, आम नागरिकों के किस्से, सशस्त्र बलों की वीरता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, मिलेट ,मन की बात में हुई सबकी बात - अरुण साव

### छत्तीसगढ़ में 10 हजार स्थानों पर 10 लाख से अधिक लोग सुनेंगे मन की बात का 100वां एपिसोड

### देश के लोगो के लिए प्रेरणा का बड़ा माध्यम बना मन की बात-अरुण साव

**ब्यूरो चीफ़ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 'मन की बात' देश में आकाशवाणी व अन्य माध्यमों से प्रसारित किया जाने वाला एक अत्यंत ही लोकप्रिय कार्यक्रम है जिसके माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश जी जनता से संवाद करते हैं। इस कार्यक्रम का पहला प्रसारण 3 अक्तूबर 2014 को किया गया। यह कार्यक्रम 52 भाषाओं एवं बोलियों जिनमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं, में प्रसारित होता हैं।यह कार्यक्रम इतना लोकप्रिय हैं कि 27 जनवरी 2015 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी प्रधानमंत्री जी के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा भारत की जनता के पत्रों के उत्तर दिए। मन की बात के सभी एपिसोड में एक अंतर्निहित विषय रहा लोगों के साथ संबंध स्थापित करना। प्रधानमंत्री जी एक ऐसा वातावरण निर्माण करने के लिए जाने जाते हैं जहां लोग उनसे खुलकर बात कर सकते हैं।सभी प्रसारणों का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के साथ चरित्र-निर्माण करना है। सेल्फी विद डॉटर' अभियान के माध्यम से बालिकाओं की गरिमा को बड़ावा देने का अभियान हो, अभियान के माध्यम से हमारे नायकों को श्रद्धांजलि देना या 'फिटइंडिया' अभियान के माध्यम से फिटनेस के मूल्य को बड़ावा देना, सभी का उद्देश्य चरित्र निर्माण था। चाहे कोविड 19 महामारी का कठिन समय हो या देश के सामने कोई अन्य त्रासदी, प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ऐसे समय में आशा की किरण दिखाई है। उनके भरोसा देने वाले शब्द नागरिकों के लिए उत्साहजनक और सुकून देने वाले रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृति, लोक परंपराओं, भाषा, लोगों की कहानियां और त्यौहार जो पहले मुख्यधारा में शामिल नहीं थे उनसे अवगत करवाने के लिए प्रभावी ढंग से इस मंच का उपयोग किया है। उन्होंने उन लोगों और उन क्षेत्रों को शामिल किया, जो भारत गाथा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के सुदूर स्थानों की हमारी संस्कृति, कहानियों और परंपराओं के बारे में बात की। उन्होंने सफलतापूर्वक विभिन्न पीड़ियों के बीच एक पुल बनाया है और उन सभी को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। मन की बात के माध्यम से प्रसारित बातचीत और विचारों ने राष्ट्रीय पुनरुत्थान को गति दी।मन की बात ने मनन और चिंतन के दृष्टिकोण को विकसित किया है; हम सुनते हैं, हम बहस करते हैं और हम सोचते हैं। जैसा कि हम मन की बात की 100 वीं कड़ी के पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह इस बात की गवाही देता है कि मन की बात प्रधानमंत्री के माध्यम से एक आवाज, एक भावना और एक आह्वान, एक क्रांति पैदा करने और हमारी सोच में बदलाव लाने में सक्षम हुआ है। छत्तीसगड़ में 10 हजार स्थानों पर 10 लाख से अधिक लोग




सुनेंगे मन की बात का 100वां एपिसोड

इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं पर कुछ महत्वपूर्ण बिंदु ध्यान देने योग्य हैं-

इसके हर ऐपिसोड में श्रोताओं की संख्या बड़ी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मा. प्रधानमंत्री जी ने कई सामाजिक अभियानों को गति दी है।

एवं 'बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ' की सफलता इसका एक उदाहरण है।आज 95 प्रतिशत खिलौना उद्योग घरेलू उद्योग बन गया है।घरेलू पर्यटन को बड़ावा मिला है।

जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बड़ी है। 'अमृत सरोवरों' का निर्माण कार्य इसका एक जीता-जागता उदाहरण हैं। पर्यावरण संरक्षण एक आंदोलन बना है।स्वच्छता अभियान सफल हुआ है।कोरोना प्रबंधन में सहायता मिली है। टीकाकरण अभियान एक जनआंदोलन बना देश में रिकॉर्ड टीकाकरण संभव हुआ। कठिन परिस्थितियों में भी देश का मनोबल बना रहा है। कोरोना काल में ऑक्सीजन पहुंचाने जैसे सराहनीय कार्य के लिए प्रधानमंत्री जी ने ट्रक ड्राईवर एवं पायलट से इस कार्यक्रम के माध्यम से बात कर उनका मनोबल बड़ाया तथा देश के सामने सराहनीय कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन किया।'हर घर तिरंगा अभियान' सामूहिक भागीदार एवं राष्ट्रव्यापी उत्सव में परिवर्तित हुआ।इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्रीजी के संवेदनशील, दूरदर्शी एवं सशक्त जननेता की छवि जन-जन तक पहुंची है।

आई.आई.एम., रोहतक के एक सर्वे के अनुसार:

**मन की बात का श्रोतावर्ग/विस्तार:**

मन की बात से लगभग 96 प्रतिशत लोगों परिचित है।

इस कार्यक्रम को 100 करोड़ से ज्यादा लोग ने एक बार सुन चुके हैं।

23 करोड़ लोगों ने कार्यक्रम को नियमित रूप से देखा/सुना है।

समाज पर सकारात्मक प्रभावः

मन की बात नागरिकों के व्यवहार, विचार एवं मनोस्थिति को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

60 प्रतिशत ने राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने में रुचि दिखाई है।

55 प्रतिशत राष्ट्र के एक जिम्मेदार नागरिक बनने की पुष्टि करते हैं।

63 प्रतिशत महसूस करते हैं कि सरकार के प्रति उनका दृष्टिकोण सकारात्मक हो गया है।

59 प्रतिशत को लगता है कि सरकार पर उनका भरोसा बड़ा है।

58 प्रतिशत ने कहा कि उनके जीवन स्थिति में सुधार हुआ है।

73 प्रतिशत सरकार के कामकाज और देश की प्रगति के बारे में आशावादी महसूस करते हैं।

सबसे लोकप्रिय विषयः

भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियां

आम नागरिकों की किस्से

सशस्त्र बलों की वीरता

युवा संबंधित मुद्दे

पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन संबंधी मुद्दे

मा. प्रधानमंत्री जी की संवाद शैली का प्रभाव-

दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव

शक्तिशाली और निर्णायक नेतृत्व पर जनता का भरोसा

विभिन्न विषयों पर सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण का विकास

नागरिकों से सीधी बात तथा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से उनका मार्गदर्शन

इस दौरान पत्रकार वार्ता में प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, मन की बात के प्रदेश संयोजक जगदीश रामू रोहरा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी मौजूद रहें।

## देवभोग में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे ,आशीष पांडे ,केशव सिन्हा जी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग** के स्व. पंडित श्याम शंकर मिश्र स्वतंत्रता सेनानी व गांधी चौक पर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में अरनपुर में नक्सली हमले में शहादत देने वाले शहीद जवानों को फूल माला अर्पित कर,कैंडल मार्च दीप जलाकर श्रद्धांजलि दिया गया ।इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए आतंकी हमले में एवं जम्मु कश्मीर में हुए आतंकी हमले में हमारे देश के कई जवान शहीद हो गए थे जिसको लेकर आज हमलोगो ने कैंडल मार्च निकालकर एवं 2 मिनट का मौन धारण कर शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, हमें अपने देश की सेना और पुलिस जवानों पर गर्व है जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए बलिदान दिया है।उनकी कुर्बानी बलिदान त्याग तपस्या को कभी भुलाया नही जा सकता ,भगवान से प्रार्थना करता हूं इस दुःख की घड़ी में उन्हें संबल प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। मौके पर किसान कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे,ब्लॉक सचिव नवीन सेन,किसान कांग्रेस जिला सचिव पुस्तम बघेल, एनएसयूआई जिला सचिव केशव सिन्हा,दुर्गेश मरकाम,पुष्पेंद्र साहू,देवेंद्र बीसी,गुणेश्वर प्रधान,चतुर्भुज सोना,मोहम्मद तोहिम,भूपेश बघेल,ऋतिक राजपूत,प्रियांशु नेताम,पंकज बीसी,पुनीत नेताम,ओंकार पात्र,प्रमोद बेसरा,अनिल बेसरा,खिलेंद्र दुर्गा,आभाष अवस्थी, समेत कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मैनपुर के उत्कृष्ठ शिक्षको का हुआ सम्मान

## नवाचारी और अंगना में शिक्षा के शिक्षक-शिक्षाकाओं को किया गया सम्मानित

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मैनपुर स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा गरियाबंद द्वारा माघी पुन्नी मेले में कबा? से जुगाड , अंगना में शिक्षा , शिक्षा में नवाचार आदि थीम पर स्टाल लगाया गया था । जिसमे मैनपुर के शिक्षक ङ्क शिक्षाकाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर खूब वाहवाही बटोरी। उनके द्वारा किये गए बाजार प्रश्नोत्तरी हो या माता उन्मुखी कार्यक्रम , अंगना में शिक्षा, या ञरू प्रदर्शनी सभी सराहनीय रहे । इन सभी कार्यो का अधिकारियों ने भूरी ङ्क भूरी प्रशंसा किया। उक्त कार्यक्रम में अपनी सफल भागीदारी निभाने वाले शिक्षकों को जिला कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा आज राजिम कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में



सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में डीएमसी श्री मान श्याम चन्द्राकर, बीआरसी फिंगेश्वर टिकेन्द यादव,वि.ख.शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर, आर.आर.जोशीअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सभी उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। और उनके कार्य की जमकर सराहना की। सभी सम्मानित होने वाले शिक्षकों को विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर श्री चंद्रशेखर मिश्रा और स्त्रोत समन्वयक शिवकुमार नागे ने बधाई दी ।सम्मानित होने वाले शिक्षकों में संतोष तारक , अनिल अवस्थी , पेश्वर यादव , विनय साहू , आलोक शर्मा, अवतार सिन्हा, फनेश्वर साहू, सरोज सेन , सोनाली मडामे, नीरा धुव, पूर्णिमा बारले रहे।

## कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय देवभोग की सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया द्यकक्षा छठवीं से आठवीं तक की शत प्रतिशत परिणाम रहा।




**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग कक्षा आठवीं में गीतांजली बघेल 96त्न प्रतिशत लेकर कक्षा में अव्वल रही तो,जयश्री रेगे 92.5त्न द्वितीय स्थान व सस्मिता पांडे 90.5त्न तृतीय स्थान पर रही कक्षा सातवीं में लक्ष्मी यादव प्रथम स्थान, किशोरी माँझी द्वितीय व नमिता कोमर्रा तृतीय स्थान पर रही ।इसी प्रकार कक्षा छठवीं में गजमनी नायक प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान पर बनिता यादव व तृतीय स्थान पर अर्पिता दौरा रहीद्य सभी छात्राओं को परीक्षा प्रमाण पत्र भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल, पालक समिति उपाध्यक्ष प्रमोद यादव , संकुल समन्वयक सलिल नाग, संस्था की अधीक्षिका उषा वैष्णव,शिक्षिका मनीषा नाग, रमा पांडेय , आरती मिंज, ऋतम्भरा पात्र, चांदनी पात्र सहित पालक समिति सदस्य तुलाराम मांझी भोलानाथ डोंगरे उपस्थित रहे !फोटो परीक्षा प्रमाण पत्र लेते छात्रा

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न

## छत्तीसगढ़ में विकास भाजपा के शासनकाल में हुआ है : अरूण साव

### कांग्रेस के कार्यकलाप से दुखी महिलाओं की बदुआओं से भूपेश सरकार ढह जाएगी - शालिनी राजपूत

रायपुर/कांकेर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक के द्वितीय दिवस आज राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। राजनीतिक प्रस्ताव में कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति का संकल्प लेते हुए कांग्रेस को इस प्रदेश से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने की।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर हमेशा से राजनीतिक चेतना का केन्द्र रहा है । कांकेर से कई राजनीतिक आंदोलनों की शुरुआत हुई है। आज की बैठक में उपस्थित बहनों की आवाज कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उठेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगड़ की राजनीतिक परिस्थिति ऐसी बना दी है कि छत्तीसगड़ में माताओं बहनों का जीना दूभर हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरेआम वादाखिलाफी कर रहे हैं। छग की जनता से झूठ बोलने का काम कर रहे हैं। सरकार बनते ही सौ दिनों में शराबबंदी करने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री, अपने वादे से मुकरते अब यह कह रहे हैं कि



जनता पीना बंद करेगी तो शराबबंदी लागू करेंगे। यह सरासर छत्तीसगड़ की बहनों के साथ धोखा है जिन्होंने शराबबंदी के नाम पर कांग्रेस को वोट किया था। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की 18 लाख बहनों के सिर से आवास छीनने का काम भूपेश बघेल ने किया है। पिछले साड़े 4 वर्षों में ही कांग्रेस के शासन में महिलाओं के साथ अत्याचार में बेतहाशा वृद्धि हुई है । इस सरकार में जनता ने एक अपराधी को लड़की की चोटी पकड़ कर घसीटते हुए, अपनी मांग मनवाने के लिए महिलाओं को मुण्डन होते देखा है।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाऐं चला रहे हैं, वहीं प्रदेश की भूपेश सरकार उनसे रोजगार छीनने का काम कर रही है। पहले स्व-सहायता की बहनों से रोजगार छीना, अब वर्मी कम्पोस्ट बनाने वाले समूहों के साथ भी धोखा कर रहे हैं। प्रदेश में जबसे कांग्रेस सरकार आई है प्रदेश की 7 हजार बहनों की अस्मत अपराधियों के द्वारा लूटी गई है । इस सरकार ने विधवा बहनों से भी छल किया है । प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपराध की ओर बड़ रहे है। पूरे प्रदेश में माफिया, गुण्डाराज है। चार वर्षों में कांग्रेस ने विकास का कोई काम नहीं किया है । छत्तीसगड़ में जो भी विकास दिखता है, वह भाजपा के 15 साल के शासन के दौरान किया गया विकास है।बाद में पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुए नक्सल मुद्दे पर बोलते हुए श्री साव ने कहा कि ये प्रदेश का दुर्भाग्य है कि दंतेवाड़ा में शहीद हुए जवानों में से दो जवानों को अपने घर में भी अंतिम संस्कार नसीब नहीं हो पाया है। एक तरफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते हैं कि नक्सली खात्मे की ओर हैं, वहीं दूसरी ओर यह घटना दिखाती है कि कांग्रेस सरकार नक्सलियों के आगे नतमस्तक है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से कमजोर करने का कार्य लगातार प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है। प्रदेश में हर तरफ महिला अपराध की घटनाएं बड़ी है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी का वादा करके कांग्रेस ने महिलाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने प्रदेश कार्यसमिति में आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने महिला मोर्चा की बहनें तैयार बैठी है और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रदेश से एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में देश से बाहर फेंकेगी। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकलाप से दुखी महिलाओं की बद्दुआओं से भूपेश सरकार ढह जाएगी।

# सरकार तुष्टिकरण की गिरफ्त में, हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है

## भाजपा विधायक दल ने देखे बिरनपुर के हालात,कांग्रेस सरकार पक्षपात कर रही- डॉ. रमन

### ग्रामीण दहशत में पलायन करने मजबूर- चंदेल

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** छत्तीसगड़ प्रदेश भाजपा विधायक दल ने आज बेमेतरा जिले के बिरनपुर पहुंच कर मृतक स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के परिजनों से मुलाकात की। बिरनपुर में विधायक दल को मृतक के पिता ने बताया कि धार्मिक हमले में 12-13 युवाओं को भी गंभीर चोट आई है लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया है व लगातार पुलिस कांग्रेस के दबाव में अपराधियों का ही साथ दे रही है। विधायक दल ने वहां के हालात की जानकारी लेने के बाद कहा कि कांग्रेस सरकार बिरनपुर में जेहादी उन्माद की वारदात में भुनेश्वर साहू की नृशंस हत्या के बाद से लगातार तुष्टिकरण की नीति के तहत एक समुदाय के आरोपियों को संरक्षण देने के साथ ही हिंसा के लिए उकसाने वाले मंत्री समर्थक पर कार्यवाही नहीं कर रही। जबकि हिंदू समाज के बेकसूर युवाओं को संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रही है। उनके परिजनों को मिलने नहीं दिया जा रहा। सरकार आपराधिक मामले में भेदभाव कर रही है। भुनेश्वर की हत्या के सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। निरपराध हिन्दू युवाओं को गिरफ्तार कर भय का वातावरण बनाया गया है। बेमेतरा में भाजपा विधायक दल से ग्रामीणों ने मुलाकात की। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि डरा धमका कर उनसे



जुर्म कबूल कराया जा रहा है। माताओं ने रो रोकर शिकायत की कि उन्हें उनके बच्चो से मिलने नहीं दिया जा रहा है। बिरनपुर में बहुसंख्यक समाज दहशत में है। पुलिस कभी भी किसी भी हिन्दू युवा को पकड़कर उस पर गंभीर अपराध लाद रही है ताकि हिन्दू डरकर बिरनपुर छोड़कर चले जाएं।पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा बिरनपुर में हम आकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की, वे और गांव का बच्चा-बच्चा इस पूरी घटना में अंजोर यदु नाम के व्यक्ति का उल्लेख कर रहा है जो गांव में खुलेआम घूम रहा है और उसे स्थानीय मंत्री का संरक्षण होने के कारण पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा बिरनपुर को छावनी बनाकर रखा गया है और गांव वालों को आतंकित किया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने लगभग 41 लोगों के नाम पुलिस को दिए हैं लेकिन सिर्फ 11 लोगों पर कार्रवाई हुई बाकी चिन्हित लोगों को छोड़ दिया गया है। इसके बजाय पुलिस दूसरे पक्ष के जो स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के साथ के लोग हैं ,उनके परिजन, उनके समाज या गांव के अन्य समाज के लोग हैं उनके खिलाफ 36 से अधिक मामले दर्ज कर चुके हैं । जो थोड़ा भी आवाज उठाता है रोज उस पर मामले बनाकर आतंकित करने का प्रयत्न कर रहे हैं।डॉ रमन सिंह ने कहा कि इस प्रकार तुष्टिकरण की राजनीति का इससे बड़ा उदाहरण हिंदुस्तान की राजनीति में नहीं मिलेगा। जहां पूरे समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहां की गांव वालों ने बताया की प्रताड़ित समाज व गांव वालों की बहनों को जबरन शादी करने के लिए दबाव बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार जनता को आतंकित करने का कार्य अगर किसी के इशारे पर किया जा रहा है तो यह उचित



नहीं है। उन्होंने कहा कि आईजी, एसपी, डीआईजी इस केस को देख रहे हैं उन्हें भेदभाव को भुलाकर, राजनीतिक चश्मा उतार कर तटस्थ भाव से यहां पर कार्यवाही करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं ।उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी भुनेश्वर साहू के हत्या के दोषी हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होना चाहिए । नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर रही है ,उन्हें डरा धमका कर प्रताड़ित किया जा रहा है। बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा बिरनपुर में किसी भी ग्रामीण को पलायन करने की और डरकर रहने की जरूरत नहीं है। ग्रामीण एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से अन्याय का प्रतिकार करें। भाजपा किसी के साथ अत्याचार नहीं होने देगी। न्याय के संघर्ष में भाजपा हर नागरिक के साथ है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार की संवेदनहीनता है कि घटना के इतने दिनों बाद न तो स्थानीय विधायक व मंत्री, न गृह मंत्री और ना ही मुख्यमंत्री ने प्रभावित गांव का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि मुआवजा के मामले में भी सरकार का दोहरा चरित्र दिखता है कि दूसरे प्रदेश में अपने नेता को खुश करने मुख्यमंत्री 50 लाख देने की बात करते हैं और अपने प्रदेश के नागरिकों को मात्र ड़10 लाख मुआवजा की घोषणा करते हैं। बिरनपुर पहुंचे भाजपा विधायक दल में , पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह,नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, शिवरतन शर्मा, कृष्ण मूर्ति बांधी, पुन्नूलाल मोहिले, सौरभ सिंह, रजनीश सिंह,श्रीमती रंजना साहू शामिल रहे।



# क्या सारा को नहीं पता रॉयलिटी का मतलब



बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सारा अली खान हिंदी सिनेमा के नवाब यानी सुपरस्टार सैफ अली खान की बेटी हैं. पटौदी खानदान से ताल्लुक रखने वालीं सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गैसलाइट को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है. इस बीच सारा ने एक मीडिया इंटरव्यू में अपने फैमिली बैकग्राउंड को लेकर खुलकर बात की है. सारा ने बताया है कि उन्हें शाही यानी रॉयलिटी शब्द का मतलब ही समझ नहीं आता. दरअसल फिल्म गैसलाइट के प्रमोशन को लेकर दि हिंदू को एक इंटरव्यू दिया है. इस दौरान सारा से ये सवाल पूछा गया कि आप शाही परिवार पटौदी खानदान से नाता रखती हो तो लोग आपको राजुकमारी के नजरिए से देखते हैं इस पर आपको कैसा महसूस होता है. इस सवाल पर सारा ने बिंदास अंदाज में जवाब देते हुए कहा है कि- जब लोग इस तरह से सोचते हैं तो मुझे काफी हंसी वाला मुद्दा लगता है. मैं खुद को शाही रूप में नहीं देखती. मैं काफी हद तक एक मुंबई की लड़की हूं. मैंने अपने जीवन के ज्यादातर समय में अपनी मां अमृता सिंह के साथ मुंबई के जुहू में रही हूं. मैं अपने पापा (सैफ अली खान) से मिलने के लिए बांद्रा जाती हूं. मैं हिमाचल प्रदेश, केदारनाथ और जम्मू कश्मीर में अक्सर छुट्टियां मनाने जाती हूं. सीरियल मुझे नहीं पता की शाही शब्द का क्या मतलब होता है. सारा के इस बयान से ये साफ होता है कि एक्ट्रेस को इस बात को कोई फर्क नहीं पड़ता है कि वह शाही परिवार से आती हैं. वो खुद को आम इंसानों की तरह देखती हैं. सारा अली खान की आने वाली फिल्म गैसलाइट का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है. इस फिल्म के ट्रेलर ने फैंस की एक्साइटमेंट लेवल को हाई कर रखा है. ऐसे में गौर करें गैसलाइट की रिलीज डेट के बारे में तो सारा अली खान की गैसलाइट फिल्म 31 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है.

### तू झूठी मैं मक्कार की कमाई नॉनस्टॉप

# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई रणबीर कपूर की फिल्म



हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकार रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी ने फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है. रिलीज के करीब 3 सप्ताह बाद भी तू झूठी मैं मक्कार सिनेमाघरों में जमकर धूम मचा रही है. जिसके चलते बॉक्स ऑफिस पर भी तू झूठी मैं मक्कार अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं. इस बीच अब खबर आ रही है कि दुनियाभर में कमाई के मामले में डायरेक्टर लव रंजन की इस फिल्म ने दोहरा शतक लगा दिया है. बॉलीवुड फिल्म तू झूठी मैं मक्कार दर्शकों की उम्मीद पर खरी उतरी है. आलम ये है कि रिलीज के करीब 21 दिन बाद भी भारी तादाद में लोग तू झूठी मैं मक्कार को देखने के लिए सिनेमाघरों में आ रहे हैं. इस बीच मानव मंगलानी ने तू झूठी मैं मक्कार के कलेक्शन को लेकर लेटेस्ट जानकारी दी है. मानव के मुताबिक रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर तू झूठी मैं मक्कार ने अब तक वर्ल्डवाइड 201 करोड़ की धमाकेदार कमाई कर डाली है. इसके साथ ही इंडियन बॉक्स ऑफिस पर भी तू झूठी मैं मक्कार का कलेक्शन 130 करोड़ और कुल ग्रॉस 161 करोड़ के पार पहुंच गया है. इस तरह से साफतौर पर ये कहा जा सकता है कि तू झूठी मैं मक्कार सुपरहिट फिल्म बन चुकी है. मानव मंगलानी ने तू झूठी मैं मक्कार के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ-साथ ओवरसीज बिजनेस की भी जानकारी दी है. जिसके चलते



# उर्फी जावेद के फैशन सेंस की करीना कपूर ने की तारीफ



रिएलिटी शो बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में छाई रहती हैं. उनकी यूनीक स्टाइल को बहुत पसंद किया जाता है. हालांकि, वह कई बार अपने अजीबोगरीब कपड़ों को लेकर ट्रोल का भी शिकार हो जाती हैं. अब करीना कपूर ने उर्फी जावेद के फैशन स्टाइल की जमकर तारीफ की है, जिस पर उर्फी ने अपना रिएक्शन दिया है. बातचीत के दौरान करीना कपूर ने उर्फी जावेद के फैशन स्टाइल की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, मैं उर्फी जितनी हिम्मती नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि वह बहुत बहादुर और बेहद साहसी हैं. फैशन, एक्सप्रेशंस और फ्रीडम ऑफ स्पीच के बारे में है. मुझे लगता है कि वह जिस कॉन्फिडेंस के साथ यह करती हैं, उसमें वह बहुत कूल और शानदार लगती हैं. वह जैसा चाहती है वैसा ही करती हैं और यही तो फैशन है. अगर आप अपनी बॉडी को लेकर कम्फर्टेबल हैं तो आप जैसे हैं वही करते हैं. मुझे उनका कॉन्फिडेंस पसंद है. मैं एक कॉन्फिडेंट लड़की हूं. मैं उनके कॉन्फिडेंस की दाद देती हूं. करीना कपूर से अपनी तारीफ सुनने के बाद उर्फी जावेद खुशी से फूले नहीं समा रही हैं. उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि करीना ने उनके फैसन स्टाइल को सराहा है. उर्फी जावेद ने तुरंत सोशल मीडिया पर करीना कपूर के स्टेटमेंट पर अपना रिएक्शन दिया है. उर्फी जावेद ने ट्वीट करते हुए लिखा, क्या करीना कपूर ने कहा कि वह मुझे पसंद करती हैं। वाऊ क्या ये सच में हो रहा है. दिलचस्प बात ये है कि इससे पहले करीना कपूर के चैट शो में रणबीर कपूर ने बताया था कि उन्हें उर्फी जावेद फैशन सेंस बिल्कुल भी पसंद नहीं है. एक्टर ने कहा, मैं इस तरह के फैशन का बड़ा फैन नहीं हूं लेकिन मेरा मानना है कि हम आज ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां पर आप खुद को लेकर सजह है तो फिर ठीक है. इसके बाद करीना पूछती हैं गुड टेस्ट या फिर बैड टेस्ट इसके जवाब में एक्टर कहते हैं, बैड टेस्ट.



# अभी से विधानसभा आम निर्वाचन की पुख्ता तैयारियाँ करें: कलेक्टर

**ग्वालियर ।** विधानसभा आम निर्वाचन के लिये अभी से पुख्ता तैयारियाँ करें। अधिकारी-कर्मचारियों को चुनावी कार्यों के दायित्व सौंपें, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्लान बनाएँ, हर मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन, विभाग के कर्मचारियों के डेटाबेस का शुद्धिकरण व वाहनों की मरम्मत सहित सभी प्रकार की चुनावी तैयारियाँ अभी से की जाएँ। इस आशय के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के तहत होने जा रहे बेसलाइन सर्वे और चुनाव संबंधी अन्य तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों का अभी से भौतिक सत्यापन कर लिया जाए। यदि किसी मतदान केन्द्र के भवन में मरम्मत की जरूरत है या फिर मतदान केन्द्र को दूसरे भवन में शिफ्ट करना जरूरी है तो उसके प्रस्ताव तत्काल दिए जाएँ। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को ताकीद किया कि वे अपने कार्यालय के शासकीय सेवकों की सूची अपडेट कर जल्द से जल्द एनआईसी को उपलब्ध कराएँ। इस कार्य में किसी प्रकार की ?िलाई न हो। कलेक्टर



ने बेसलाइन सर्वे के काम को प्रमुखता से अंजाम देने के निर्देश भी बैठक में दिए। साथ ही कहा कि स्वीप प्लान को भी बेहतर ढंग से अंजाम दें। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में ÷आयोग आपके द्वार÷ के तहत बीएलओ घर-घर जाकर नए मतदाताओं के नाम जो?ने व त्रुटियों में सुधार के लिये आवेदन ले रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत जिले में भी गत 17 अप्रैल से मतदाता सूची का वाचन कराया जा रहा है, जो 16 मई तक जारी रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उन 20-20 मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में बेसलाइन सर्वे किया जायेगा, जहाँ पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अत्यधिक कम रहा है। बेसलाइन सर्वे के दौरान मतदाताओं से चर्चा के लिये सामाजिक व आर्थिक आधार रखा गया है। साथ ही महिला, पुरूष, अनुसूचित जाति, जनजाति, ट्रांसजेंडर एवं युवा मतदाता इत्यादि मतदाताओं से भी चर्चा की जायेगी। बेसलाइन सर्वे का काम महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के माध्यम से कराया जायेगा। इसके लिये उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एस बी ओझा ने बताया कि बेसलाइन सर्वे के लिये आयोग द्वारा 80 प्रकार के प्रश्न निर्धारित किए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर एच बी शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे पी गुप्ता, जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागो के जिला स्तरीय अधिकारी और राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एस बी ओझा सहित बेसलाइन सर्वे के लिये तैनात किए गए प्राध्यापकगण मौजूद थे।

# विवाद से विश्वास तक योजना प्रदेश में लागू की जाए

**ग्वालियर ।** भारत सरकार द्वारा के अन्तर्गत आने वाली औद्योगिक इकाइयों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु वर्ष 2020 से 2022 के मध्य में 2 वर्ष के लिए ÷विवाद से विश्ड़वास तक÷ योजना लागू की गई थी । भारत सरकार की इस सार्थक पहल से देश भर में स्थापित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के उद्यमियों को काफी राहत मिली और सभी ने केन्द्र सरकार की इस योजना की प्रशंसा की ।इसी प्रकार की योजना मध्य प्रदेश में लागू करने हेतु चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आज प्रदेश के मुख्यमंत्री-माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर माँग की गई है । अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि भारत सरकार की इस योजना की भांति ही प्रदेश में भी व्यापार एवं उद्योग से जुड़े हुए विभिन्न विभागों में इस (विवाद से विश्ड़वास तक) प्रकार की योजना लागू किए जाने की आवश्ड़यकता है क्योंकि वर्ष 2020 एवं 2021 के कोराना काल में अनेक व्यवसाई एवं उद्योगपतियों का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और कई उद्यमी के उपक्रम असंचालन की स्थिति में आ गए हैं ।पदाधिकारियों ने कहा है कि उद्यमी और शासन के मध्य जब संबंध मधुर होंगे तथा एक-दूसरे के प्रति विश्वास होगा, तभी किसी भी प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी और प्रदेश आर्थिक रूप से सम्पन्न होगा । वहीं सरकार का बहुत धन विवाद के निपटाने में अथॉरिटी, कानूनी सलाह और अन्य विधिक कार्यों पर खर्च होता है, वह भी



बचेगा और अनावश्यक विवादों के समाप्त होने से जिन लोगों को न्याय की त्वरित आवश्ड़यकता है, वह प्राप्त हो सकेगी, वहीं उद्यमी भी अपना सारा फोकस अपने उद्यम में लगा सकेगा । मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री से अनुरोध किया है कि भारत सरकार की उपरोक्त योजना का राज्य सरकार द्वारा अध्ययन कर, प्रदेश में कोविड-19 के दौरान प्रभावित हुए कारोबारियों को पुनः स्थापित करने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने की दृष्टि से इस प्रकार की योजना राज्य में तत्काल लागू की जाए, ताकि प्रदेश के उद्यमी इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित हों

# वर्तमान दौर में सायबर अपराधों से बचाव के लिये सतर्कता जरूरीः न्यायमूर्ति

**ग्वालियर ।** उच्च न्यायालय खण्डपीठ



ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री रोहित आर्या ने कहा कि वर्तमान माहौल में बड़ते सायबर अपराधों से बचाव के लिये सभी को सतर्क रहना जरूरी है। इसके लिये जन जागरूकता की महती आवश्यकता है। इस दिशा में उच्च न्यायालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिये आयोजित किया गया सायबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध होगा। न्यायमूर्ति श्री रोहित आर्या ने शनिवार को उच्च न्यायलय खण्डपीठ ग्वालियर में दीप प्रज्ज्वलन कर सायबर सिक्योरिटी पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वर्तमान समय में सायबर सिक्योरिटी की चुनौती के मद्देनजर उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूचना केन्द्र भोपाल के निदेशक राकेश जैन ने सायबर ठगी से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में हर आदमी को अपने दैनिक जीवन के क्रियाकलापों को सुगम बनाने के लिये तकनीकी गतिविधियों पर आश्रित होना पड़ता है। ज्यादातर हम लोगों का समय अपने मोबाइल, लेपटॉप व इंटरनेट के अन्य माध्यमों पर बिताना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हर व्यक्ति सायबर अपराधों के प्रकारों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी हो।

## नल-जल योजनाओं का निरीक्षण जिला स्तरीय टीम से कराएँ :भारत सिंह

**ग्वालियर ।** नल-जल योजनाओं के निरीक्षण के लिये जिला स्तर से टीम गठित करें और इस टीम के निरीक्षण और ओके रिपोर्ट के बाद ही नल-जल योजनायें ग्राम पंचायतों को सुपुर्द की जाएँ। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक में कही। शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित जिला पंचायत के अन्य सदस्यगण और मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। राज्य मंत्री कुशवाह ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन गाँवों में पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है वहाँ ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर नल-कूप से सीधे पानी सप्लाई कर पाइप लाइन चैक की जाएँ।

# स्व. राजकुमार बंसल जी ने राजनीति में भी सादगीपूर्ण जीवन जिया : शेजवलकर

**ग्वालियर** - वास्तव में हमने सोचा नही था कि स्वर्गीय राजकुमार बंसल इतनी जल्दी हमसे दूर हो जाऐंगे। बच्चों से माँ-बाप कभी दूर नही होते यह बात आज ग्वालियर के लोकप्रिय सांसद विवेक शेजवलकर ने किडीज कॉर्नर विद्यालय, नया बाजार के प्रांगण में आयोजित स्व. राजकुमार बंसल के द्वितीय पुण्यतिथी के अवसर पर हृदय रोग जाँच शिविर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा, 'स्व. बंसल जी ने जो मार्गदर्शन, संस्कार एवं समाजसेवा का भाव परिवार को दिया उस पर आज उनका परिवार चल रहा है। स्व. बंसल जी ने राजनीति में भी सादगीपूर्ण जीवन जिया। डॉ. युसूफ ग्वालियर के है। उनका



ग्वालियर से अपार स्नेह है। ग्वालियरवासियों की वह काफी मदद करते हैं। आषा है ग्वालियर वासी उनका लाभ लेंगे।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा,'स्व. बंसल ने राजनीति के साथ समाजसेवा ही अपना मुख्य लक्ष्य रखा व पार्टी के साथ समाज के सभी वर्ग की चिंता करते थे। डॉ. जमाल को पद्मश्री मिले इसलिए हम सब को मिलकर प्रयास और केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. जमाल युसूफ ने कहा कि स्व. बंसल ने जब मैं एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था जो हमारी मदद की वह मैं कभी नही भूल पाऊँगा। स्व. बंसल की हमारी दिल में अमिट छाप है। कार्यक्रम के अंत में स्व. बंसल के परिवार जनों ने डॉ. जमाल युसूफ को शाल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मंच पर सांसद विवेक शेजवलकर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, देश के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. युसूफ जमाल, श्रीमती गायत्री बंसल, जयसिंह कुशवाह, कमल माखीजानी, विधायक प्रवीण पाठक, डॉ. सतीश सिकरवार, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल, कीडिज कॉर्नर विद्यालय के संचालक विजय गर्ग, राजकुमार, अरविंद दुदावत, धीरज बंसल समेत अनेक वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित थे।

# जनसंपर्क विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरेन्द्र सिंह सेंगर सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

**ग्वालियर।** लगभग 42 साल से संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के आधार स्तंभ रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरेन्द्र सिंह सेंगर के सेवानिवृत होने पर जनसंपर्क परिवार ने भावभीनी विदाई दी। पुराने दौर की पत्रकारिता से जुड़े कलमकार हरेन्द्र सिंह सेंगर की कर्तव्यनिष्ठा को बड़ी शिद्दत के साथ याद करते हैं। संभागीय जनसंपर्क परिवार की ओर से सहायक संचालक जनसंपर्क मधु सोलापुरकर, सहायक सूचना अधिकारी हितेन्द्र सिंह भदौरिया, श्रीमती अलका माथुर, एन के गुलाटी, राजेन्द्र सिंह बुंदेला, विजय बहादुर सिंह चौहान, रमेश कुशवाह, मलखान



सिंह गुर्जर, राहुल श्रीवास, रविन्द्र शर्मा, राहुल बाथम व जितेन्द्र कुमार सहित जनसंपर्क परिवार के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने हरेन्द्र सिंह सेंगर को भावभीनी विदाई दी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही सभी ने उनके स्वस्थ व सुखद भविष्य की कामना की। सहायक संचालक सोलापुरकर ने इस अवसर पर कहा कि हरेन्द्र भाई सालों साल तक हर दिन तड़के दफ्तर पहुँचते रहे और जब सभी लोग काम निपटाकर घर की ओर रूखसत करते तो उस समय भी हरेन्द्र भाई दिखाई देते। उनके योगदान को जनसंपर्क विभाग भुला नहीं पायेगा। हरेन्द्र भाई खासतौर पर पत्र-पत्रिकाओं और अखबारों को जिस ढंग से सहेजकर रखते थे, उनका यह कार्य पद्धति अद्वितीय है।

## कांग्रेस दलितों आदिवासियों का शोषण बर्दास्त नही करेगी :प्रभूदयाल जौहरे

**ग्वालियर।** कलेक्टर कार्यालय के बाहर दलित आदिवासी के द्वारा अपनी मांग को लेकर दिए जा रहे धरने पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्वालियर ग्रामीण के अध्यक्ष प्रभु दयाल जोहरे पहुंचे और कांग्रेस पार्टी की ओर से उनकी मांगे जैसे दलित आदिवासीयो को सम्मान दिलाने, भाषाई शिक्षकों को नियमित करने , शिक्षित दलित आदिवासी बेरोजगार युवाओ को रोजगार दिलाने, आदि को लेकर उनका समर्थन किया और दलित आदिवासी वर्ग को इस गूंगी बहरी बीजेपी सरकार से दो दो हाथ कर पूरा सम्मान दिलाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# 30 को निकलेगा भगवान परशुराम का विराट चल समारोह

**ग्वालियर।** भगवान परशुराम का विराट चल समारोह 30 अप्रैल को शाम 5 बजे अचलेश्वर महादेव मंदिर से महाराज बाडे तक निकाला जाएगा। यह जानकारी चल समारोह के संयोजक इंजी. राजेश नायक, महिला संयोजिका अनीता रिछारिया, युवा संयोजक रवि आनंद गौड एवं विनोद कटारे ने शुक्रवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि चल समारोह की शुरूआत से लेकर समापन स्थल तक भव्य ब्राह्मण समाज के स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों एवं क्रांतिकारियों के बड़े-बड़े द्वार उनके नाम से बनाए जाएंगे। वहीं इस वर्ष विशेष रूप से मथुरा-वृंदावन से आने वाली देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा मातृशक्ति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी,



जिसमें समाज की बालिकाएं डांडिया नृत्य और बालक करतब दिखाते नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि महाराज बाड़े पर एक बड़ी स्क्रीन पर धार्मिक और देशभक्ति गीत बजाए जाएंगे। साथ ही सुप्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महाराज बाड़े स्थित मुख्य मंच पर सप्त ऋषियों के प्रतिनिधियों के तौर पर दंदरौआ धाम के महंत महामंडलेश्वर रामदास महाराज, चूना खो वाले महाराज, हरिदास नागाजी महाराज, संतोष गुरुजी, रमेशलाल महाराज, सच्चिदानंद ढोलीबुआ महाराज व धूमेश्वर धाम के महंत अनिरुद्ध वन महाराज विराजमान होंगे। जहां उनके द्वारा भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी।ये रहेगा चल समारोह का मार्ग- संयोजक गणों ने जानकारी देते हुए कहा कि यह चल समारोह अचलेश्वर महादेव मंदिर से इंदरगंज, ऊंटपुल, दौलतगंज होता हुआ महाराज बाड़े संपन्न होगा।

# भाजपा ने जनता को गुमराह करने का काम किया है: डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** कांग्रेस ने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में पिरोने, आत्मनिर्भर बनाने, गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं तथा समाज के सभी कमजोर वर्गों के लिए विकास का ताना-बाना तैयार करने और उसमें उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का अथक प्रयास किया। यह विचार आज 'हाथ से हाथ जोड़ों' पद यात्रा में 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने व्यक्त किये। आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मुरार ब्लॉक में शाम 4 बजे वार्ड 26 के पुरानी कचहरी सुदामापुरी मुरार पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद एवं सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा बृहद स्तर पर शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। यात्रा सुदामापुरी, पृथ्वीराज मार्ग, घासमण्डी, हरिजन बस्ती, खटीक मौहल्ला, अखाडा, रसाला बाजार की समस्त गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर जगह-जगह जोरदार स्वागत



किया। 'हाथ से हाथ जोड़ों' पद यात्रा में आमजन से चर्चा करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि एक मजबूत, लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में कांग्रेस के योगदान, बलिदान और गौरवशाली परम्परा के कारण ही भारत एक मजबूत अर्थवस्था और विश्ड़वशक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को गुमराह करने, झूठे वादे कर वोट बटोरने, पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनना तय है, ये मतदाताओं ने मानस बना लिया है। पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष चर्तुभुज धनोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्ड़द्र चौहान, बृजेश शुक्ला, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, कुंती सगर, पार्षद सुरेन्द्र साहू, प्रमोद खरे, अंकित कठठ्ल, जसवंत शेजवार, रूपेश दुबे, अविनाश दीक्षित, आकाश वर्मा, अमन लक्षकार आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड 30 को




**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 30 अप्रैल को 100वां एपिसोड प्रसारित होगा। ग्वालियर महानगर की तीनों विधानसभाओं में 100 -100 स्थानों पर इस कार्यक्रम को देखा एवं सुना जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने दी।चौधरी ने बताया कि पीएम मोदी के %मन की बात% कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को यादगार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा काफी तैयारियां की जारही है। उन्होंने बताया कि महानगर के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को देखेंगे एवं सुनेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला ग्वालियर महानगर द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों के दिल में बसते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात, देशवासी सुनते भी हैं और आत्मसात भी करते हैं। यह सौभाग्य का विषय है कि मन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रैल को होगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478